प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव

रांची संस्करण

सोमवार 28 अक्टूबर 2024

● वर्ष 03 ● अंक 82

● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

37 वर्ष 1987-2024

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021- 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88

## फर्स्ट टेक

### अयोध्या में विशेष दीपकों से जगमगाएगा रामलला का मंदिर

**अयोध्या/भाषा।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में आठवें दीपोत्सव के तहत सरयू नदी के तट पर 28 लाख दीपक प्रज्वलित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारियों के बीच रामलला के मंदिर में इस बार एक विशेष तरह के दीपक जलाने की योजना है। नवनिर्मित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में पहली दीपावली के लिए भव्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक तैयारियां चल रही हैं। सरयू के घाटों पर आगामी 30 अक्टूबर को होने वाले भव्य दीपोत्सव में 28 लाख दीयों को सजाने के लिये 30 हजार से ज्यादा स्वयंसेवकों की तैनाती की गयी है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के मुताबिक ये खास तरह के दीपक मंदिर भवन को दाग-धब्बों और कालिख से सुरक्षित रखेंगे और इनसे लंबे समय तक रोशनी भी मिलेगी।

### आतंकवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर वाहनों की जांच के दौरान युनिसू में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो आतंकवादियों का सहयोगी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सोपोर इलाके के लट्टी शार्ट के रहने वाले इश्फाक माजीद डार के रूप में हुई है।

आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 150वीं कड़ी में

# 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताई चिंता

## बचने के लिए देशवासियों से रूको,सोचो और एक्शन लो' का मंत्र दिया



■ कोई भी एजेंसी न तो धमकी देती है, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है।

■ ऐसे मामलों में घबराएं नहीं। शांत रहें। जल्दबाजी में कोई कदम ना उठाएं। किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी ना दें। संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें।

■ प्रधानमंत्री ने लोगों से ऐसे मामलों में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करने और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर रिपोर्ट करने के अलावा परिवार और पुलिस को सूचना देने का आह्वान किया।

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए इससे बचने के लिए रविवार को देशवासियों से 'रुको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र साझा किया और इस बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 150वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश के रचनात्मक ऊर्जा की एक लहर चल रही है और एनिमेशन की दुनिया में 'मेड इन इंडिया' और 'मेड बाइ इंडियंस' छाया हुआ है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति की राह पर है जबकि 'गेमिंग क्षेत्र' का भी विस्तार हो रहा है और ये दुनिया में लोकप्रिय हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आत्मनिर्भर हो रहा भारत, हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है।

'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़े एक फरेबी और पीड़ित के बीच बातचीत का वीडियो भी साझा किया और कहा कि कोई भी एजेंसी न तो धमकी देती है, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है।

इंटरनेट के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच 'डिजिटल अरेस्ट' फरेब का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। इसमें किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से 'अरेस्ट' हो गया है और उसे जुर्माना देना होगा। कई लोग ऐसे मामलों में डर जाते हैं और शिकार बन जाते हैं।

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के दर्शकों को विस्तार से बताया कि इस प्रकार के फरेब करने वाले गिरोह कैसे काम करते हैं और कैसे 'खतरनाक खेल' खेलते हैं। उन्होंने कहा कि 'डिजिटल अरेस्ट' के शिकार होने वालों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग हैं और वे डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गंवा देते हैं। उन्होंने कहा, इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी नहीं करती। उन्होंने इससे बचने के लिए देशवासियों से 'रुको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र साझा किया। उन्होंने कहा, ऐसे मामलों में घबराएं नहीं। शांत रहें। जल्दबाजी में कोई कदम ना उठाएं।

# हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल को अगवा करने का प्रयासः सुप्रियो

**झामुमो महासचिव ने चुनाव आयुक्त से आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की**

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नामांकन में प्रस्तावक बने थे मंडल मुर्मू**



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट से प्रस्तावक मंडल मुर्मू को अगवा करने की कोशिश की गयी। उन्होंने चुनाव में लगे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, आइपीएस संजय आनंद लाटकर और अमोल वेणुकांत होमकर पर आरोप लगाये हैं। तीनों पदाधिकारियों को चुनाव कार्य से अलग करने की मांग की है। सुप्रियो रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। सुप्रियो ने झारखंड राज्य में पदस्थापित तीनों अधिकारियों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन अफसरों ने चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करते हुए एक विशेष राजनीतिक दल (भाजपा) के पक्ष में आचार संहिता का उल्लंघन किया। सुप्रियो ने बताया कि इस बाबत मुख्य निर्वाचन आयुक्त को झामुमो की ओर से पत्र लिखकर शिकायत की गयी है। सुप्रियो ने कहा कि वर्तमान में हेमंत सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री हैं। हमारी पार्टी के स्टार प्रचारक भी हैं। जो प्रस्तावक मंडल मुर्मू के साथ हुआ है, वह एक आपराधिक साजिश के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता का भी उल्लंघन है।

### पत्र में क्या लिखा

सुप्रियो ने बताया कि चुनाव आयुक्त को पत्र लिख कर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। इसमे बताया गया है कि 27 अक्टूबर 2024 को अपराह्न लगभग एक बजे गिरिडीह पुलिस द्वारा वाहन जांच के क्रम में एक वाहन को रोका गया। इसमें कई व्यक्तियों के साथ साहिबगंज जिले के 03-बरहेट विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू को रोका गया। उनसे उनके गंतव्य के बारे में पूछा गया। वाहन में सवार यात्रियों द्वारा कोई उत्तर नहीं दिये जाने के कारण वाहन को गिरिडीह पुलिस ने रोक लिया। उन्होंने कहा कि राज्य मुख्य चुनाव अधिकारी के रवि कुमार (आइएएस), संजय आनंद लाटकर (आइपीएस) और अमोल वेणुकांत होमकर के द्वारा अपने पद का दुरूपयोग किया गया। गिरिडीह जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पर अनावश्यक दबाव बनाया गया। इस खबर के फैलने के बाद गिरिडीह पुलिस के संरक्षण में सभी यात्रियों को आनन-फानन में मुक्त कर दिया गया। यह अति चिंतनीय एवं गंभीर है। संपूर्ण तथ्यों की निष्पक्ष एवं गहनता से जांच कर इन पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा होनी चाहिए। उन्हें तत्काल निर्वाचन प्रक्रिया से अलग कर देना चाहिए।

त्रेता युग में मां सीता का अपमान, अब झारखंड में फिर एक और सीता का अपमान हुआ

# झामुमो-कांग्रेस की लंका का दहन तय है : शिवराज

**हेमंत सरकार में रुबिका-अंकिता समेत 7400 लड़कियों का हुआ दुष्कर्म**



**रांची।** कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी के सीता सोरेन पर विवादित बयान को लेकर भाजपा आक्रामक है। रविवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में मां सीता का अपमान हुआ है। कांग्रेस नेता इरफान अंसारी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बयान सरकार की महिला-विरोधी मानसिकता को दिखाता है। सीता सोरेन भाजपा की सम्मानित नेता हैं। उनका अपमान झामुमो सरकार के महिला-विरोधी रवैये को उजागर करता है। गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए चौहान ने कहा कि सीता सोरेन, स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी, शिबू सोरेन की बहू और हेमंत सोरेन की भाभी हैं। हैरानी की बात है कि जिस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन हैं, उसी सरकार का एक मंत्री उनकी भाभी का अपमान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में भाभी को मां का दर्जा दिया गया है। रामायण का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब सीता जी का अपहरण हुआ था, तब लक्ष्मण जी से पूछा गया था कि मां सीता ने क्या पहना था? इस पर लक्ष्मण जी ने कहा था कि उन्होंने मां सीता के पैरों के अलावा कभी उनका चेहरा भी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपराओं को यहां के लोग भली-भांति जानते हैं। जब सीता जी का अपमान हुआ था, तब लंका जलकर राख हो गयी थी और रावण का अंत हुआ था। झारखंड में हर दिन सीता का अपमान हो रहा है। झारखंड की जनता जानती है कि रावण कौन है। यहां की कानून-व्यवस्था कैसी है। उन्होंने कहा कि राज्य में मां, बहनों और बेटियों का हर दिन अपमान हो रहा है। रुबिका और अंकिता जैसी लड़कियों के साथ हुई घटनाओं समेत राज्य में अब तक 7,400 दुष्कर्म के मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन चुप बैठे हैं। अगर वह अपनी भाभी का सम्मान नहीं कर सकते, तो झारखंड की मां, बहन और बेटियों की रक्षा कैसे करेंगे? ऐसे व्यक्ति को पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। शिवराज सिंह चौहान ने मन की बात कार्यक्रम को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी साइबर क्राइम के खिलाफ तथ्य रखा, ताकि जनता साइबर क्राइम से बच सके। प्रधानमंत्री जी के दिल की चिंता देखिए कि, वो स्वयं मन की बात के माध्यम से इसकी जानकारी दे रहे हैं।

# महंगाई पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल रही है केंद्र सरकारः हेमंत सोरेन



**रांची।** सीएम हेमंत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा है कि केंद्र सरकार बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। आवश्यक वस्तुओं, दवाइयों से लेकर रोजमर्रा की चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। इस स्थिति में आम नागरिक की स्थिति दिन-प्रतिदिन मुश्किल होती जा रही है।

**मंईयां सम्मान योजना को रोकने के लिए कोर्ट पहुंच गयी :** झारखंड सरकार ने जब मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से आम परिवारों को राहत देने का प्रयास किया, तो केंद्र सरकार तुरंत इसे रोकने के लिए न्यायालय पहुंच गयी। यही सरकार उद्योगपतियों को अरबों-खरबों रुपये की सब्सिडी देते समय मौन साध लेती है, परंतु जनकल्याण की बात आते ही विरोध में खड़ी हो जाती है। झारखंड में ये जन-विरोधी नीतियों का क्रियान्वयन करना चाहते हैं।

**सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत :** सीएम ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करें, न कि उसे कमजोर। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के हित में चलायी जा रही योजनाओं को और अधिक सशक्त किया जाये। यह समय है जनहित की नीतियों को प्राथमिकता देने का, न कि उन्हें कमजोर करने का। उन्होंने कहा कि दिसंबर की 10 तारीख से हर माह झारखंड बहनों को 2500 रुपये की सम्मान राशि मिलेगी।

### सीएम ने गिनाई केंद्र की नाकामियां

- ये पहले भी 11 लाख राशन कार्ड कैंसिल कर चुके हैं।
- ये पहले भी 13000 स्कूल बंद कर चुके हैं।
- ये झारखंड में भी 3 लाख बुजुर्गों की पेंशन रद्द कर चुके हैं।

## झामुमो का आरोप- मुख्य निर्वाचन अधिकारी और दो आईपीएस भाजपा के साथ,चुनाव आयोग से हटाने की मांग

**रांची ।** झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार और दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों पर भाजपा के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया है। झामुमो ने रविवार को चुनाव आयोग को पत्र लिखकर तीनों अधिकारियों को हटाने की मांग की है। झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गिरिडीह पुलिस ने रविवार को मंडल मुर्मू के साथ कुछ अन्य व्यक्तियों को ले जा रहे वाहन को रोका। जब पूछा गया, तो वाहन में बैठे लोगों ने बताया नहीं कि वे कहां जा रहे थे। इसलिए, पुलिस ने वाहन को हिरासत में ले लिया। मंडल मुर्मू झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावकों में से एक हैं, जिन्होंने बरहेट विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया है। भट्टाचार्य ने कहा कि हेमंत सोरेन हमारे स्टार प्रचारक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सोरेन के प्रस्तावक को चुनावी नतीजों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए प्रभावित किया जा रहा है।

सीता सोरेन पर की गयी अभद्र टिप्पणी का विरोध

# भाजपा महिला मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला



**रांची।** मंत्री इरफान अंसारी द्वारा सीता सोरेन के प्रति किये गये अभद्र टिप्पणी पर भाजपा महिला मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को राजभवन जाकर राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका जूही, सीमा शर्मा, डॉ राजश्री जयंती, रेणु तिर्की, नीलम चौधरी और अशोक बड़ाइक शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से झारखंड सरकार के मंत्री एवं जामताड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

# इरफान अंसारी को तत्काल मंत्रिमंडल से हटायें हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को कहा कि अपने 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बातें बतायी हैं। इस क्रम में दो महापुरुषों का जिक्र किया है। इनमें एक सरदार वल्लभभाई पटेल और दूसरे भगवान बिरसा मुंडा हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उस दिन दिवाली भी है। इस बार सरदार पटेल की जयंती को और धूमधाम से मनाना है। मरांडी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है। उनकी भी 150वीं जयंती प्रारंभ हो रही है। उसको भी पूरा देश में धूमधाम से मनाना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनाने की है, ताकि झारखंड को हम सब बचा सकें। इसलिए झारखंड की तमाम जनता से अपील करते हैं कि झारखंड को बचाने के लिए वे भारतीय जनता पार्टी को वोट करें। मरांडी ने कहा कि यह तो बिल्कुल स्पष्ट हो चुका है कि हेमंत सोरेन लाचार और विवश हैं। वोट की खातिर वे किसी भी हद तक गिर सकते हैं। पार्टी भले अलग हो लेकिन सीता सोरेन उनकी भाभी हैं। उनके आंदोलनकारी भाई दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। झारखंड की एक महिला भी हैं। सीता सोरेन के बारे में जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी जिस घटिया शब्द का उपयोग करते हैं उसे हम प्रयोग नहीं कर सकते। यदि हेमंत सोरेन के दिल में थोड़ा सा भी स्वाभिमान है, तो इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से हटा देना चाहिए, जो एक महिला के बारे में, आंदोलनकारी की पत्नी और शिबू सोरेन की बहू और उनकी भाभी के बारे में इतने घटिया शब्द का प्रयोग करते हैं। इसके बाद भी हेमंत सोरेन चुप हैं और उनको मंत्रिमंडल से भी नहीं हटा रहे तो सोच सकते हैं कि उनसे झारखंड की मां बहनों की रक्षा कैसे हो सकती है। झारखंड की जनता झारखंड की मां बहन इसको अच्छी तरह से देख रही है। हेमंत सोरेन को अब तो कम से कम जाग जाना चाहिए।

न्यूज अपडेट

## विकास की सारी नीतियां बच्चों के भविष्य को केंद्र में रख कर बनानी होंगी - शिवशंकर सिंह



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी से विधानसभा प्रत्याशी शिवशंकर ने क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। सबसे पहले वे मिलिनियम पार्क टेल्को पहुंचे, वहां वे उपस्थित सभी लोगों से मिलकर सहयोग व आशीर्वाद मांगा। साथ ही बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आपके बच्चों का भविष्य नीति निर्धारकों के हाथों में है। अगर आपके जनप्रतिनिधि इनके लिए अवसरों का अंबार नही लगा पाए तो ये बच्चे बहुत मेहनत करके भी एक अच्छे जीवन यापन से चूक जाएंगे। आज जो हो रहा उसे गौर से देखिएगा तो समझ पाइयेगा की आवश्यक डिग्री और कौशलता हासिल करके भी युवा बेरोजगार है। युवाओं की बेरोजगारी में उनका नही हमारा दोष है कि हमने ऐसे जनप्रतिनिधि नही चुने जो इनके लिए रोजगार के अवसर मुहैया करा सके। स्कूलों में पढ़ाई के साथ साथ नवाचार की शिक्षा देना एक महत्पूर्ण प्रयास है लेकिन सबकुछ तब किसी काम के नही रह जाते जब इन्हें अपने लिए रोजगार के अवसर न मिले। शिव शंकर सिंह ने अपने लिए समर्थन मांगते हुए कहा कि अगर आप मुझे प्रतिनिधित्व का एक अवसर देते है तो मैं वादा करता हूँ कि इनके भविष्य में रोजगार और खुशहाली दोनों लाऊंगा। क्षेत्र के किसी भी बच्चे को पैसे के अभाव से गुणात्मक शिक्षा से दूर नही किया जाएगा। विधायक कोष से बच्चों के बहिर्मुखी शिक्षा को सुनिश्चित करूँगा। शिवशंकर सिंह ने बच्चो से बात करते हुए कहा कि आप बेफिक्र होकर पढ़िए। हम बड़े मिलकर आपका भविष्य बेहतर बनाएंगे। वे शहर के टेल्को स्टेडियम, टेल्को प्लाज़ा, स्लेग रोड नितीबाग कॉलोनी, मनिफिट, दीपा कॉलोनी, जोजोबेड़ा, पूजा ग्राउंड एम टाइप टेल्को, भोजपुर कॉलोनी, भुइंयाडीह समेत दर्जनों स्थानों मे जनसंपर्क अभियान चलाया। उनके साथ जनसंपर्क मे कुणाल, रवि ,राहुल, गुरुमान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## श्री राममन्दिर समिति,टेल्को का विजया मिलन समारोह आयोजित

श्री राममन्दिर समिति,टेल्को का विजया मिलन समारोह दिनांक 27 अक्तूबर, 2024 (दिन रविवार) को टेल्को राममन्दिर स्थित ज्ञानमंडप सभागार में हर्षोल्लास आयोजित हुआ। यह आयोजन राममन्दिर समिति टेल्को के महामंत्री चंद्रभान प्रसाद सिंह के देखरेख में आयोजित हुआ। जिसमें अतिथि के रूप में राममन्दिर समिति के अध्यक्ष मानस मिश्रा, पूर्व डीएसपी व संरक्षक कमल किशोर सिंह,समाजसेवी अरुण कुमार सिंह, एस के खेमानी उपस्थित हुये। सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत मंदिर समिति के महामंत्री चंद्रभान सिंह ने अपने अभिभाषण से किया। इस आयोजन में दुर्गा पूजा से संबंधित आय-व्यय की चर्चा महामंत्री चंद्रभान सिंह ने प्रस्तुत की तथा पूजा में सहयोग करने के लिये सभी प्रतिनिधियों व सदस्यों को बधाई दी। पूजा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने पर सदस्यों को प्रोत्साहना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने आयोजित भोज का लुफ्त उठाया। इस अवसर पर राममन्दिर समिति के सभी प्रतिनिधि व सदस्य उपस्थित रहे।

इस मिलन समारोह को सफल बनाने में मुख्यरूप से चंद्रभान सिंह,कृष्ण कुमार मिश्रा,नरेंद्र कुमार सिंह(हैप्पी),कामेश्वर सिंह,नंदलाल सिंह,राकेश कुमार सिंह, वेंकट राव,प्रहलाद सिंह,मनंजय पाण्डेय, राजेश कुमार पाण्डेय,सुमंत मिश्रा,सुधीर कुमार सिंह इत्यादि लगे हुए थे।

## मिशन 24 के कई मंडल अध्यक्ष और सदस्य जदयू में शामिल

**जमशेदपुर।** मरीना सिटी, रोड नंबर 15, मानगो में रविवार को जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए के उम्मीदवार श्री सरयू राय जी ने मिशन 24 के मानगो अध्यक्ष समेत कई सदस्यों को जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता दिलाई. जिन लोगों ने जदयू का दामन थामा, उनमें मिशन 24, मानगो के अध्यक्ष शंकर लाल, उलीडीह मंडल के अध्यक्ष राजेश विद्यार्थी, मानगो के प्रभारीद्वय अजय गांगुली और नरेश कुमार, मानगो के उपाध्यक्ष नवीन कुमार, पारडीह के अध्यक्ष संतोष कुमार, बालीगुमा मंडल के अध्यक्ष शिव शंकर राय, उपाध्यक्ष बालीगुमा शिव कुमार के साथ सदस्यों में शंभूजी, अनुज ठाकुर, ज्योति शर्मा, अरुण कुमार, नवीन लाल, बाला प्रसाद, सुखविंदर सिंह, डब्लू सिंह, मंटू शर्मा, भोला सिंह, पारदा राय, अजय प्रसाद, बृजकिशोर प्रसाद, वीरू सिंह, रन्हूल, शाहिद सिद्दिकी, खुर्शीद आलम, मनोज यादव, गोपाल सिंह, पूर्ण सिंह, छट्ठू रावत, राजदीप यादव, अंजुम जी, रंजीत वर्मा और संतोष सिंह शामिल थे.

## डॉ अजय कुमार 86 बस्ती लीज मामले मे लोगो को बरागला रहे : सौरभ विष्णु

**जमशेदपुर।** निर्दलीय प्रत्याशी सौरभ विष्णु ने कहा कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर अजय कुमार लोगो 86 बस्ती के लीज मामले मे लोगों को बरगला रहे है । उन्होंने जो कहा वह सिर्फ हवा हवाई बात है।

सौरभ ने बताया कि मालिकाना हक़ के लिए उन्होंने इसी वर्ष जनवरी में झारखण्ड हाई कोर्ट में एक PIL दाखिल किया था, जो की अब उच्चतम न्यायालय में मामला लंबित है। सिर्फ़ कोर्ट को ही मालिकाना हक़ देने का पॉवर है किसी नेता के पास नहीं।

विष्णु ने कहा की अगर मैं चुनाव जिता तो सारे बस्ती वाशियो को बस्ती लीज मामले मे पार्टी बनाऊंगा और कोर्ट के माध्यम से हि लीज का मामला का निपटारा करवाऊंगा। लोकतंत्र में न्यायालय से बड़ा कोई नहीं और उन्हें न्यायालय पे पूरा विश्वास है। न्यायालय के पास लोगों को मालिकाना हक़ लेने के किए पर्याप्त शाक्षय है और उन्हें विश्वास है कि जनता को न्याय मिलेगा।''

# जन संपर्क अभियान के दौरान सरयू राय ने बन्ना गुप्ता पर लगाया अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप

### बहुसंख्यकों के लिए एकजुट होकर वोट करना जरूरी

**जमशेदपुर।**

जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा से एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय ने रविवार को कहा कि बहुसंख्यक वोटों का एकीकृत होना बेहद जरूरी है। उन्होंने यूपी के चीफ मिनिस्टर योगी आदित्यनाथ का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने ठीक ही कहा है कि बंटेंगे तो कटेंगे. इसलिए बंटना नहीं है। बहुसंख्यकों को एकजुट होकर मतदान करना है ताकि झारखंड में एनडीए की सरकार बन सके। उन्होंने खास कर मानगो का हवाला देते हुए कहा कि यहां 93 बूथ बहुसंख्यकों के हैं. इन 93 बूथों के वोट बंटने नहीं चाहिए। अगर बंट गये तो विधानसभा के बाद होने वाले मानगो नगर निगम का चुनाव नहीं जीत पाएंगे। यहां मानगो में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सरयू राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का कमल और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जी तीर, ये दोनों मिल कर जमशेदपुर पश्चिमी में सिलेंडर बन गये हैं. ये चुनाव एनडीए का है. सब



सिलेंडर को जिताने में लगे हैं. आप लोग भी लगें. सिलेंडर जीतेगा तो सबका कल्याण करेगा। श्री राय ने कहा कि कदमा और सोनारी की नदी किनारे बसी हुई बस्तियों में गैंगवार हो रहा है. बन्ना पर अपराधियों को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शनिवार की रात में उन्होंने छोटे-मोटे टुटपुंजिया टाइप के अपराधियों की मीटिंग बुलाई थी. ये कोशिश कर रहे हैं कि बस्तियों के जो गरीब-गुरबा हैं, उनको इन टुटपुंजिया बदमाशों से डरा कर रखें, गरीबों को चेताया जा रहा है कि अगर तुम वोट देने जाओगे तो तुम्हारे साथ गलत होगा. उन्होंने कल ही ऐलान किया कि वह इन सभी गरीब-गुरबों को संरक्षण दूंगा. बन्ना पुराने अपराधियों को भी जुटा रहे हैं ताकि लोग डर जाएं. हम लोग बिना डरे इनका सामना करेंगे. साकची, बिष्टुपुर के जितने भी मारवाड़ी हैं, बिजनेसमैन हैं, सब डरते हैं. उनसे कोई आदमी हर माह-दो माह पर पैसे की डिमांड करता है. नहीं दो तो इनकम टैक्स में जाकर शिकायत कर देता है. जमशेदपुर में भय और भ्रष्टाचार का माहौल बन गया है. इसे दूर करना है।

**एमजीएम में बिना पानी कैसे होगा इलाजः-** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर तीखा हमला बोलते हुए श्री राय ने कहा कि बन्ना मंत्री बने तो कोविड आया. डॉ. ओपी आनंद ने बन्ना की शर्त नहीं मानी तो बन्ना ने उन्हें जेल भिजवा दिया. इसी कारण से उनका बन्ना से झंझट हुआ. उन्होंने बन्ना से उस वक्त कहा था कि अभी कोविड चल रहा है और आप अस्पताल बंद करवा रहे हैं, ये सरासर गलत है. श्री राय ने कहा कि बन्ना गुप्ता ने दर्जन भर छोटे-बड़े अस्पताल कोविड के दौर में बंद करवा दिये थे. मंत्री जी कहते हैं कि हम बड़ा अस्पताल लेकर आए हैं. एमजीएम अस्पताल की नई बिल्डिंग 500 करोड़ की बन गई है. साकची में भी 200 या 300 करोड़ की बिल्डिंग बन रही है. श्री राय ने कहाः मेरा कहना है कि बिल्डिंग अस्पताल नहीं होता है. बिल्डिंग इलाज नहीं करता. बन्ना गुप्ता की रुचि बड़ी बिल्डिंग बनवाने में है. उसमें डॉक्टर रहेगा कि नहीं रहेगा, नर्स रहेगी या नहीं रहेगी, ड्रेसर रहेगा या नहीं रहेगा, इससे इनको कोई मतलब नहीं है. डिमना में एमजीएम बिल्डिंग का काम पूरा हो गया. उसमें अस्पताल शुरु होना था. कमाल ये कि वहां आज तक पानी की व्यवस्था हुई ही नहीं. एक बूंद भी पानी नहीं है. बाथरूम साफ करने के लिए ट्रैक्टर से पानी जाता है. यहां इलाज हो तो कैसे? मुख्यमंत्री ने अस्पताल के ओपीडी का उद्घाटन कर दिया. इससे क्या होगा? ओपीडी में तो क्योर कनसल्टेशन का काम होता है. वहां से जब डॉक्टर बोलेंगे, तब आप अस्पताल में इलाज करा पाएंगे. फिर वहां से घूम-फिर कर लोग पुराने एमजीएम में या फिर प्राइवेट अस्पतालों में जाते हैं. ऐसे खूबसूरत और महंगे अस्पताल का फायदा क्या हुआ फिर?

**अपना नाम प्रोत्साहन लेने वालों में लिखवा दियाः-** श्री राय ने कहा कि कोविड के दौरान सरकार ने तय किया था कि अस्पतालों में जो कर्मचारी काम करते हैं, उन्हें प्रोत्साहन राशि के रुप में एक माह का वेतन देंगे. अब मंत्री जी ने उसमें अपना नाम भी डलवा दिया. उन्होंने बाकायदा लिखा कि ये जो पैसा आएगा, उसे मेरे रानीकुदर ब्रांच के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते में जमा करा दिया जाए. इसके अलावे उन्होंने अपने कार्यालय के 59 अन्य लोगों का नाम भी उसमें डलवा दिया. जब एक मंत्री ऐसी हरकत करे तो आप खुद ही उस मंत्री के बारे में सोच लें।

## काव्यप्त ग्लोबल स्कूल ने प्रेरणादायक वार्षिक जिंदगी प्रदर्शनी 2024 का आयोजन किया

**जमशेदपुर।**

काव्यप्त ग्लोबल स्कूल, जमशेदपुर ने 27 अक्टूबर, 2024 को 'परिवर्तन के वास्तुकार' विषय पर अपने वार्षिक जिंदगी प्रदर्शनी का गर्व से आयोजन किया। इस वर्ष की प्रदर्शनी में चार उल्लेखनीय ऐतिहासिक हस्तियों- चाणक्य, आर्यभट्ट, स्वामी विवेकानंद और जेआरडी टाटा को श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। कार्यक्रम सुबह 9 बजे शुरू हुआ, जिसमें रचनात्मकता, नेतृत्व और सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए छात्रों द्वारा डिजाइन किए गए आकर्षक प्रदर्शन प्रदर्शित किए गए। उपस्थित प्रतिष्ठित अतिथियों में द हेरिटेज स्कूल, कोलकाता की प्रिंसिपल सीमा सप्रू, द लर्नर्स कॉन्फ्लुएंस, बैंगलोर के सह-संस्थापक डॉ. ए सेंथिल कुमारन, प्रसिद्ध शिक्षा सलाहकार दीपाली मिश्रा और झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग में उप मंडल अधिकारी मोहित भरतिया। इस अवसर पर, डॉ. ए सेंथिल कुमारन ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित किया और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा, मैं 'परिवर्तन के आर्किटेक्ट'श थीम को जीवंत करने के लिए हमारे



छात्रों और शिक्षकों के उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना करता हूं। संगीत, नृत्य, शिल्प और नाटक के संयोजन में उनकी रचनात्मकता और टीम वर्क ने इस सांस्कृतिक उत्सव और प्रदर्शनी को वास्तव में यादगार और सभी के लिए प्रेरणादायक बना दिया है।' जिंदगी प्रदर्शनी 2024 में कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रभावशाली प्रदर्शनियाँ शामिल थीं, जिन्हें चार समर्पित टीमों में विभाजित किया गया था। अक्षय अग्रवाल के नेतृत्व में टीम आर्यभट्ट ने मॉडल, स्किट और इंटरैक्टिव गेम्स के माध्यम से शून्य के आविष्कार और सूर्यकेंद्रित सिद्धांत सहित आर्यभट्ट के योगदानों की खोज की। ऋांबरा झा के नेतृत्व में टीम विवेकानंद ने 'भारत की आवाज़' नामक एक प्रभावशाली स्किट के साथ राष्ट्रवाद, वैश्विक एकता और सतत विकास लक्ष्यों पर स्वामी विवेकानंद के दर्शन को प्रदर्शित किया। अनुश्रिया शर्मा के नेतृत्व में टीम चाणक्य ने मॉडलों और रोलप्ले के माध्यम से प्राचीन शासन प्रणालियों और आर्थिक नीतियों को चित्रित किया, जबकि अकलीमा शहाब के नेतृत्व में टीम जेआरडी टाटा ने भारत के औद्योगिक विकास और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं में टाटा के दूरदर्शी योगदान पर प्रकाश डाला। प्रिंसिपल/निदेशक कबिता अग्रवाल और क्रिएटिव डायरेक्टर सुनीता सिन्हा के मार्गदर्शन में प्रदर्शनी में छात्रों के सामूहिक प्रयासों का जश्न मनाया गया और सभी उपस्थित लोगों को इन दूरदर्शी नेताओं की विरासत से प्रेरित किया गया।

## रघुवर का लाल के कारनामे ने कर रखा है सबको हाल बेहालः डॉ. अजय कुमार

● **पार्टी में कोई अंतरविरोध नहीं, डा. अजय कुमार की जीत होगी - आनंद बिहारी दुबे**

**जमशेदपुर।**

जमशेदपुर पूर्वी के कांग्रेस प्रत्याशी ने डा. अजय कुमार और कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं कांग्रेस का वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद ने संयुक्त रुप से रविवार को सिदगोड़ा में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में मीडिया को संबोधित किया। आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि पार्टी में कोई अंतरविरोध नहीं हैं। डा. अजय कुमार की जीत पार्टी की जीत होगी। वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद ने भी कहा कि सभी कार्यकर्त्ता एक जूट हैं और पार्टी की जीत होगी। डा. अजय ने कहा कि रघुवर दास की बहू जब अपने पति ललित दास एवं परिवार के अन्य सदस्यों पर अंकुश नहीं लगा पाई है तो जमशेदपुर पूर्वी की जनता को कैसे सुरक्षा प्रदान कर पाएगी इसकी क्या गारंटी है, यह सबसे बड़ा सवाल है। रघुवर दास के साहबजादे की कारनामो की बात करें एक लंबी फेहरिस्त है. आज मैं उनके कुछ कारनामों के संबंध में आपको बताना चाहूंगा। डा. अजय ने कहा कि विगत 7 जुलाई को ओडिशा के राज्यपाल के लाल -



आकांक्षी विधायक पूर्णिमा दास के पति ललित दास ने पुरी रेलवे स्टेशन से उन्हें लेने के लिए 'लग्जरी' कारें नहीं भेजने पर राजभवन में तैनात अधिकारी बैकुंठ प्रधान के साथ पुरी में राजभवन परिसर में मारपीट किया था. ('इसीलिए मैं हमेशा कहता हूं रघुवर दास के घर जाओगे तो मिलेगा लात, घुसे)। डा. अजय ने कहा कि ललित दास के खिलाफ ओडिशा कांग्रेस ने सख्त कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कुछ नहीं हुआ. मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक पहुंच चुका है लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला। हम मानवाधिकार आयोग से भी अनुरोध करेंगे कि वह इस मामले में ओडिशा पुलिस से जल्दी जांच पूरी करने का आदेश दें। हमारे वकील पुरी सागर बीच पुलिस से इस केस पर हो रही जांच पर अपडेट लेंगे। हमारी ओडिशा कांग्रेस इस मुद्दे को ओडिशा विधानसभा में भी उठाएगी। डा. अजय ने काह कि रघुवर के परिवार में बहुत लोग हैं जिन्होंने पूर्वी लोगों का जीवन नरक बना दिया है। रघुवर दास के भतीजे और भाजपा नेता कमलेश साहू की गुंडागर्दी जगजाहिर है। 2023-रघुवर दास के भतीजे कमलेश साहू पर घर में घुसकर जबरन कागजात ले जाने का केस दर्ज किया गया। 2017 में ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास के छोटे भाई मूलचंद साहू पर एक सिख लड़के को थाने में पीटने का आरोप है। अब जमशेदपुर की जनता को तय करना है।

## कांग्रेस नेता डॉ. अजय कुमार की टिप्पणी पर महिलाओं का आक्रोश, सड़कों पर उतरीं महिलाएं

### प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा नारी शक्ति का अपमान करना कांग्रेस नेताओं की बन गयी है आदत

**जमशेदपुर।**

पुर्वी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू पर कांग्रेस नेता डॉ अजय कुमार द्वारा किये गए आपत्तिजनक और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी पर क्षेत्र की महिलाएं सड़क पर उतर आई है। रविवार को पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार के महिला विरोधी बयान पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। एग्रिको गोलचक्कर पर जुटी महिलाओं ने कहा कि डॉ. अजय कुमार द्वारा भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू पर की गई आपत्तिजनक और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी न केवल



सम्पूर्ण महिला शक्ति का अपमान है बल्कि यह भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर भी सीधा आघात है, जिसमें महिलाओं का विशेष सम्मान और आदर है। ऐसी टिप्पणी से एक बार फिर कांग्रेस एवं उनके नेताओं की महिला विरोधी मानसिकता उजागर हुई है, जहाँ महिलाओं को अपमानित करना अब उनके नेताओं की आदत बन चुकी है। महिलाओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को शक्ति और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल को पारित कर देश की महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अधिक अवसर प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। परंतु कांग्रेस पार्टी कभी भी महिला आरक्षण को लेकर गंभीर नहीं रही है। डॉ. अजय अपने टिप्पणी पर अविलंब माफी मांगे अन्यथा उनके खिलाफ सड़कों पर विरोध को और तेज कर सार्वजनिक रूप से घेराव किया जाएगा। इस मौके पर महिला समाजसेवी विमला साहू, कैलाशपति मिश्रा, जया लक्ष्मी, सुधा यादव और महिला कार्यकर्ता सीमा दास ने कांग्रेस की दोहरी मानसिकता की कड़ी आलोचना की। महिलाओं का कहना है कि भारतीय महिलाएं अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उनका अपमान सहन नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में कल्याणी शरण, ममता कपूर, चंद्रकांता सिंह, संजना साहू, लक्ष्मी मिर्धा, ममता, उर्मिला दास सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

## परसुडीह पुलिस ने डकैती की योजना बनाते 5 युवकों को देसी कट्टा गोली के साथ धर दबोचा

**जमशेदपुर।** परसूडीह पुलिस ने छोटा गोविंदपुर के पास एक निर्माणाधीन फ्लैट में छापेमारी कर डकैती की योजना बना रहे पांच युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में रेलवे कॉलोनी निवासी सुजल गोप, सुभाषनगर निवासी दिनेश पात्रो उर्फ शुरु बाबू, पूर्णाडीह निवासी राकेश पाल उर्फ सोना भगत, काली मंदिर रेलवे क्रॉसिंग के पास रहने वाले सनुप गोप और जादूगोड़ा निवासी असीम दास शामिल है। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और एक गोली बरामद किया है। शनिवार को मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर तौकीर आलम ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि छोटा गोविंदपुर के पास स्थित एक निर्माणाधीन भवन में कुछ लोग जमा हुए है जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। सूचना पर एक टीम का गठन कर छापेमारी करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

डीएसपी ने बताया कि पुलिस को देख मौके से दो लोग फरार हो गए जबकि पांच लोगों को पकड़ लिया गया। पुलिस को देख सुजल गोप ने अपने पास रखे हथियार को छिपा दिया। तलाशी के क्रम में उसके पास से हथियार बरामद किया गया। पूछताछ में सभी ने बताया कि वे लोग एकजुट होकर डकैती करने की योजना बना रहे थे। उन्होंने पूर्व में कुछ लोगों से रंगदारी की भी मांग की है। डीएसपी ने बताया कि सुजल और दिनेश के खिलाफ पूर्व में भी कई अपराधिक इतिहास रहा है। फिलहाल पुलिस मामले में फरार अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# समाधान और सुझाव की सकारात्मक राजनीति में विश्वास रखता हूँ : बन्ना गुप्ता

**जमशेदपुर।**

विवार को इंडिया गठबंधन से जमशेदपुर पश्चिमी के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने अपने समर्थकों और कांग्रेस- झामुमो-राजद के कार्यकर्ताओं के साथ धतकिडीह, सोनारी और मानगो में पदयात्रा की. स्थानीय जनता से उनको अपार जनसमर्थन मिल रहा है। उनकी पदयात्रा में स्वतः स्फूर्त लोग जुड़ते चले जा रहे हैं. स्थानीय जनता का कहना है बस्ती -मोहल्ले -गलियों में पेवर्स ब्लॉक की जितनी सड़कें विधायक बन्ना गुप्ता ने बनवाई हैं, उतनी पहले कभी नहीं बनी। चुनाव प्रचार के दौरान बन्नाा गुप्ता ने कहा कि बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरयू राय समस्याओं और शिकायतों की नकारात्मक राजनीति करते हैं. किंतु मैं समाधान और सुझाव की सकारात्मक राजनीति में विश्वास रखता हूँ. यही कारण है कि पिछले पांच वर्षों में जमशेदपुर पश्चिमी की तस्वीर बदल चुकी है. अब अगले कार्यकाल में कई बड़ी योजनाओं को

बन्ना गुप्ता ने की धतकीडीह, सोनारी और मानगो में पदयात्रा



अमली जामा पहनाना है। बन्ना गुप्ता ने जारी प्रेस विज्ञाप्ति में आगे कहा कि जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा में गठबंधन प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों की अपनी अपनी विचारधारा होती है. सदन में पक्ष विपक्ष में तकरार भी होती है. नेता अपनी पार्टी लाइन पर चलते हैं. किंतु राजनीति में एक मर्यादा भी होती है। आप जिस मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रहे मंत्रिमंडल में लाभान्वित हो रहे हों, उसी का विरोध करें। आप जिस पार्टी में है, उसे सत्ता से बेदखल करने के लिए अपनी ताकत झोंक दें। ये काम सिर्फ भगोड़ा सरयू राय ही कर सकते हैं। पूरे देश में इससे घटिया उदाहरण नहीं मिलेगा। आज बिहार में भी जनता जदयू को नक-ार चुकी है. पलटूराम नीतीश कुमार कभी राजद के साथ मिलकर सरकार बनाते हैं, तो कभी भाजपा के साथ हो जाते हैं। उनकी कोई विचारधारा नहीं हैं। ये लोग सत्तालोलुप लोग हैं। ऐसे लोगों की ओछी राजनीति को जनता समझ चुकी है. अब वक्त आ गया है कि पलटूराम की पार्टी से चुनाव लड़ने वाले भगोड़ा नेता को राजनीति से विदाई दे दी जाए। बन्ना गुप्ता ने कहा कि भगोड़ा नेता सरयू राय जब संगम पर जाते हैं तो नदी का पानी बोतल में लेकर जाते हैं और कहते हैं कि वे प्रयोगशाला में जांच करवाएंगे कि उसमें कितना प्रदूषण हैं। किंतु मैं जब संगम जाता हूँ तो कोशिश करता हूँ कि स्वर्णरेखा नदी में गिर रहे नालों के पानी को तट पर कैसे रोका जाए। वहां प्राकृतिक ×फिल्टर पीट का निर्माण करवा रहा हूँ। वहां सीढ़ियां बनवा दिया हूँ. वहां भव्य द्वार का निर्माण करवा दिया हूँ. श्रद्धालुओं को छठ, पूजा विसर्जन, मकर संक्रांति, टुसु पर्व में अधिक से अधिक सुविधाएं मिलें, इसके लिए संकल्पित हूँ। हद तो तब हो गई जब सरयू राय ने तेरह वर्ष पहले सेवानिवृत हो चुकी शहर की प्रतिष्ठित महिला चिकित्सक को टारगेट कर लिया और उनके विरुद्ध विधानसभा में भी सवाल उठाए. चिकित्सक अपना काम पूर्ण निष्ठा के साथ करते हैं. किंतु सरयू राय कभी डॉ रेणुका चौधरी की शिकायत करते हैं, तो कभी डॉ. ए. के. लाल पीछे लग जाते हैं। सरयू राय केवल दूसरों में कमियां और दोष ढूंढ़ते हैं। चाहे नेता हो या सरकारी अधिकारी अथवा सम्मानित चिकित्सक, ऐसा कोई वर्ग नहीं है, जिसे सरयू राय नें नहीं ठगा, जिसे सरयू राय नें अपमानित नहीं किया।

न्यूज़ अपडेट

## पूर्व सांसद रवींद्र कुमार राय को बीजेपी ने दी बड़ी जिम्मेदारी, कुछ समय पहले तेज थी नाराजगी की चर्चा



**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले बीजेपी ने पूर्व सांसद रवींद्र कुमार राय को बड़ी जिम्मेदारी दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें झारखंड प्रदेश का नया कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह के हस्ताक्षर से शनिवार को यह लेटर जारी कर दी गयी है। बता दें कि कुछ समय पहले रवींद्र राय की नाराजगी चर्चा तेज हो गयी थी ।इससे पहले जब कोडरमा के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार राय के नाराजगी की खबर सामने आयी तो असम के सीएम हिमंता विश्व सरमा ने उनके रांची स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की। बताया जा रहा था कि वह टिकट कटने से नाराज चल रहे हैं। खबरें तो यहां तक चली कि वे झामुमो ज्वॉइन करने वाले हैं। हालांकि उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये वीडियो संदेश जारी कर इसे महज एक अफवाह बताया था। रवींद्र राय ने वीडियो जारी कर कहा था कि कुछ मीडिया संस्थान मेरे झामुमो ज्वॉइन करने की खबर चला रहा हैं। जो केवल अफवाह है। मैं भाजपा का निष्ठावान सिपाही हूं। उन्होंने कहा कि मैंने पार्टी को मजबूत करने का काम किया हूं। साल 2019 में भी मेरा टिकट कटने के बाद ऐसी अफवाहें उड़ी थी। इस तरह की बातें फर्जी है। बता दें कि वे बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। कुछ सालों तक वे जेवीएम भी रहे थे। लेकिन इसके बाद वे फिर से पार्टी में लौट आए।

## संताल परगना में शुरू से ही दिलचस्प रहा है विधानसभा का चुनाव, इतिहास जानकर हो जाएंगे हैरान

**देवघर, एजेंसी।** संताल परगना प्रमंडल में विधानसभा का चुनाव शुरू से ही दिलचस्प रहा है। यहां की 18 सीटों पर शुरुआत के चुनावों में कांटे की टक्कर होती रही है। लेकिन, जैसे-जैसे वोटरों की संख्या बढ़ने लगी, जीत-हार का अंतर भी बढ़ने लगा। 1951 से 2019 तक हुए विधानसभा चुनाव में सबसे कम वोटों से जामताड़ा सीट से 1980 में कांग्रेस प्रत्याशी फुरकान अंसारी हारे थे। सीपीआइ के अरुण कुमार बोस ने उन्हें 24 वोटों से पराजित किया था। तब सीपीआइ को 13336 वोट व कांग्रेस को 13312 वोट मिले थे। वहीं, अब तक हुए चुनावों में सर्वाधिक वोटों से 2019 के विधानसभा चुनाव में पाकुड़ सीट से आलमगीर आलम जीते। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के बेनी प्रसाद गुप्ता को 65108 वोटों से शिकस्त दी थी। संताल परगना के चुनाव का इतिहास रहा है कि यहां लगभग विधानसभा सीटों पर जीत-हार का अंतर काफी कम रहा है। 1951 में विधानसभा का पहला चुनाव जब हुआ, तो पोड़ैयाहाट-जरमुंडी सीट से कांग्रेस के जगदीश नारायण मंडल महज 669 वोट से जीते थे। 1957 में सारठ विधानसभा सीट से बद्रीनारायण सिंह (कांग्रेस) 479 वोट से, 1967 में दुमका एसटी सीट से जी मरांडी 507 वोट से, जामताड़ा के एस बेसरा (सीपीआइ) सिर्फ 579 वोट से चुनाव जीते थे। जबकि, 1967 में महेशपुर-एसटी सीट से जोशेफ मुर्मू (एसडब्ल्यूए) ने 658 वोट से जीत दर्ज की थी। अब तक के हुए विधानसभा चुनावों में टॉप-10 सबसे कम वोटों से हारने वालों में फुरकान अंसारी (कांग्रेस), कालीदास मुर्मू (कांग्रेस), मरांग मुर्मू (निर्दलीय), अभय चरण लाल (पीएचजे), बटेश्वर हेंब्रम (बीजेएस), दशरथ मिश्रा (कांग्रेस), हेनीशिला हेंब्रम (कांग्रेस), हरगौरी प्र सिंह (जेएचपी), केआर टुडू (निर्दलीय) और केपी सिंह (कांग्रेस) शामिल हैं। हेमंत सोरेन 2005 में पहली बार विधानसभा चुनाव दुमका रिजर्व सीट से लड़े। यह चुनाव भी काफी रोचक रहा था। इस सीट से सीटिंग विधायक झामुमो के कद्दावर नेता स्टीफन मरांडी का टिकट काटकर जेएमएम ने हेमंत सोरेन को चुनाव लड़ाया। तब स्टीफन भी कहां मानने वाले थे। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दुमका से चुनाव लड़ा और जीते। इस चुनाव में जेएमएम के हेमंत तीसरे नंबर पर रहे। दूसरे नंबर भाजपा के मोहरिल मुर्मू रहे थे। 2005 में स्टीफन को 41340 वोट, मोहरिल को 35993 और हेमंत को महज 19610 वोट मिले थे।

# अनाथ व दिव्यांगों के लिए खुशखबरी, हर साल मिलेंगे 10 लाख रुपए



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में सभी वर्ग के अनाथ व दिव्यांग विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए वाल्मीकि छात्रवृत्ति योजना लागू की गयी है। इसके तहत विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम अवधि के दौरान प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के लिए ट्यूशन फी (शिक्षण शुल्क) का भुगतान किया जायेगा। ट्यूशन फी की अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष होगी। यदि ट्यूशन फी 10 लाख रुपये से अधिक होगी, तो शेष ट्यूशन फी का वहन विद्यार्थी स्वयं करेंगे।

झारखंड के उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक सभी विद्यार्थी को पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के दौरान किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान में नामांकित होने पर चार हजार रुपये प्रतिमाह सहायता राशि प्रदान की जायेगी। महीने के मध्य में कक्षाएं आरंभ होने या कक्षाएं समाप्त होने की स्थिति में भी उस माह के लिए चार हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जायेगी।

आवेदन करने की अंतिम तिथि तक विद्यार्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। लेकिन किसी कोर्स के लिए चयनित अभ्यर्थी संबंधित कोर्स की समाप्ति तक इस योजना अंतर्गत लाभ के पात्र बने रहेंगे। आयु की गणना 10वीं कक्षा के प्रमाण पत्र के आधार पर की जायेगी। इस योजना का लाभ झारखंड राज्य के भीतर किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान में नामांकन लेने या फिर राज्य के बाहर लेकिन देश के अंदर एनआइआरएफ अद्यतन रैंकिंग में 200 रैंक वाले या फिर विवि, इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ, प्रबंधन, फार्मेसी केटेगरी में एनआइआरएफ रैंकिंग में 100 रैंक प्राप्त किया हो। नैक द्वारा ए ग्रेड वाले संस्थान भी मान्य होंगे।

छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थी को झारखंड राज्य का स्थानीय निवासी (स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र अनिवार्य) होना चाहिए या डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए विद्यार्थी को झारखंड राज्य में अवस्थित किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। या फिर डिग्री या उसके ऊपर स्तर के पाठ्यक्रम में अध्ययन के लिए विद्यार्थी को झारखंड राज्य में अवस्थित किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय/महाविद्यालय से कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अनाथ विद्यार्थी में उन्हें लाभ मिलेगा, जिनकी 18 वर्ष की आयु से पहले उनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी हो।

लिए वैसे तो आमतौर पर 2000 रुपये से 4000 हजार रुपये डायलिसिस करवाने में खर्च हो जाता है। लेकिन डायलिसिस करवाने वाले मरिजों के लिए बड़ी राहत मिलने वाली है। राजधानी रांची के अपर बाजार स्थित नागरमल मोदी सेवा सदन में मरीज अब मात्र 500 रुपये में डायलिसिस करा सकेंगे। कोल इंडिया के पूर्व चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने नागरमल मोदी सेवा सदन में भ्रमण किया। हृदय विभाग में मिल रही सुविधा की जानकारी ली। वरीय उपाध्यक्ष पुनीत पोद्दार और डॉ विनय कुमार सिंह ने हृदय विभाग की उपलब्धियों से अवगत कराया। पूर्व अध्यक्ष अजय मारू ने कहा कि सेवा सदन के अच्छे कार्यों में कभी धन की कमी नहीं होती है। कोल इंडिया के सहयोग से हृदय विभाग शुरू किया गया है। शीघ्र ही 500 रुपये में डायलिसिस की सुविधा दी जायेगी। मुख्य अतिथि प्रमोद अग्रवाल ने सेवा सदन की उपलब्धियों की सराहना की। मौके पर पूर्व सांसद महेश पोद्दार, गोवर्द्धन प्रसाद गाड़ोदिया, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार केडिया, उपाध्यक्ष रेखा जैन, अरुण खेमका, ललित केडिया, आलोक तुलस्यान, पवन कनौई, प्रेम मितल, राजकुमार गाड़ोदिया, गौतम मोदी और

## असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने 7 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

**रांची, एजेंसी।** असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लेमिन (एआइएमआइएम) ने झारखंड विधानसभा चुनाव में सात सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इन सीटों में पाकुड़, महागामा, रांची, जमशेदपुर पश्चिम, बड़कागांव, चतरा और गढ़वा शामिल हैं। माना जा रहहै कि इसके अलावा दूसरे चरण की सीटों पर भी पार्टी उम्मीदवार उतार सकती है। एआइएमआइएम ने जिन सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए हैं, उनपर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 22 से 38 प्रतिशत तक है।

संताल परगना के देवघर, गोड्डा, जामताड़ा, साहेबगंज और पाकुड़ के अलावा लोहरदगा और गिरिडीह में मुसलमानों की आबादी सबसे ज्यादा है।वहीं, साहिबगंज और पाकुड़ में मुसलमान कुल आबादी के 30 प्रतिशत तक हैं। इसी तरह देवघर, गोड्डा, जामताड़ा, लोहरदगा और गिरिडीह जिले में भी मुसलमानों की आबादी लगभग 20 प्रतिशत है।झारखंड में पिछले चुनाव में एआइएमआइएम ने 16 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। इनमें डुमरी में एआइएमआइएम को सबसे ज्यादा 24 हजार 132 वोट मिले थे।

डुमरी के बाद बरकट्ठा में ओवैसी के प्रत्याशी मोहम्मद अशरफ अंसारी को 18 हजार 416 वोट मिले थे। वहीं मांडर सीट से एआइएमआइएम के प्रत्याशी शिशिर लकड़ा 23592 वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहे थे।

# विधायक बनने का जुनून : हर बार खेत बेचकर चुनाव लड़ता है एतवा उरांव, हो जाती है जमानत जब्त



**रांची, एजेंसी।** धरती पकड़ के नाम से मशहूर काका जोगिंदर सिंह को कौन नहीं जानता। जब भी कोई चुनाव आता है, लोगों को उनकी याद आ जाती है। विधानसभा से लोकसभा और राष्ट्रपति तक का चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि, कभी उनको चुनाव में जीत नहीं मिली। हर बार उनकी जमानत जब्त हुई। धरती पकड़ बार-बार चुनाव लड़ने वाले अकेले शख्स नहीं थे। झारखंड में भी एक ऐसा व्यक्ति है, जो हर बार चुनाव लड़ता है। हर बार उसकी जमानत जब्त हो जाती है।

हम बात कर रहे हैं एतवा उरांव की। एतवा उरांव गुमला जिले के रहने वाले हैं। 76 साल उनकी उम्र हो चुकी है। वह मुखिया से लेकर विधानसभा और लोकसभा तक का चुनाव लड़ चुके हैं। ऐसा भी नहीं है कि एतवा उरांव के पास बहुत पैसे हैं, जिससे वह हर बार चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो जाते हैं। इसके लिए उन्हें अपनी जमीन बेचनी पड़ती है। हर बार वह जमीन बेचकर ही चुनाव लड़ते हैं।

एतवा उरांव गुमला जिले के घाघरा प्रखंड में सरांगो गांव के रहने वाले हैं। चुनाव लड़ने का उनका शौक अजीब है। अब तक 4 बार झारखंड विधानसभा का चुनाव, एक बार लोकसभा चुनाव और 3 बार मुखिया का चुनाव लड़ चुके हैं। कभी जीते नहीं। हर बार उनकी जमानत जब्त हुई। इसके बाद भी वह हर बार चुनाव लड़ते हैं। एतवा उरांव खेत बेचकर और मजदूरी करके पैसा जमा करते हैं और उसी पैसे से चुनाव लड़ते हैं।

एतवा उरांव ने इस बार अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित बिशुनपुर विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है। एतवा ने बताया कि वह ठेपा छाप हैं। यानी पढ़ना-लिखना नहीं जानते। लिख तो बिल्कुल नहीं पाते हैं। कभी स्कूल नहीं गए। थोड़ी-बहुत हिंदी हिंदी किसी तरह से पढ़ लेते हैं। उनके पास 4 एकड़ खेत है, जिसमें साल भर खेती करते हैं। उसी खेत से घर परिवार की जीविका चलती है।

एतवा उरांव कहते हैं कि वह हर बार विधानसभा, लोकसभा और मुखिया के चुनाव में नामांकन दाखिल करते हैं। कई बार उनका नामांकन रद्द हो गया, जिस समय वह नामांकन भरते हैं, उसमें कुछ न कुछ त्रुटि रह जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक 4 बार विधानसभा, एक बार लोकसभा और 3 बार मुखिया का चुनाव लड़ चुके हैं। तब उनका नामांकन रद्द नहीं हुआ था।उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र में सब कुछ ठीक रहने की वजह से चुनाव तो लड़े, लेकिन जनता का समर्थन उनको नहीं मिला। वह कभी चुनाव जीत नहीं सके। इस बार उनकी चुनाव की तैयारी कैसी है, यह पूछने पर एतवा उरांव कहते हैं कि लगातार 5 साल तक क्षेत्र में घूमता हूं। इसलिए इस बार विधानसभा चुनाव की पूरी तैयारी करके नामांकन किया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि नामांकन रद्द न हो, ताकि पांचवीं बार विधानसभा चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड बना सकूं।

# करोड़पति हैं बोरियो से भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम, पत्नी गहनों की तो खुद रिवाल्वर और राइफल के हैं शौकीन



**तालझारी (साहिबगंज), एजेंसी।** बोरियो विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर नामांकन करने वाले लोबिन हेंब्रम भी करोड़पति हैं।

नामांकन के दौरान दिए गए शपथ पत्र में लोबिन हेम्ब्रम ने अपने पास नकद तीन लाख रुपये और पत्नी के पास दो लाख 20 हजार रुपये होने की बात कही है।

उनके बैंक खाते में 66 लाख 90 हजार 748 रुपये तथा उनकी पत्नी के पास सात लाख 40 हजार रुपया है। लोबिन के पास एक टोयोटा फॉर्च्यूनर वाहन है, जिसकी कीमत 30 लाख रुपये है।

आभूषण रखने में लोबिन अपनी पत्नी से काफी पीछे हैं। लोबिन के पास मात्र चार लाख 30 हजार रुपये का सोना है, जबकि उनकी पत्नी के पास 17 लाख 10 हजार रुपये के जेवरात हैं।

लोबिन हेंब्रम के पास एक रिवाल्वर व एक राइफल भी है। रिवाल्वर की कीमत 75 हजार रुपये तो रायफल की कीमत 55 हजार रुपये है।

इस प्रकार लोबिन हेंब्रम के पास कुल एक करोड़ पांच लाख 50 हजार 748 रुपये तथा पत्नी के पास 30 लाख 30 हजार रुपए की चल संपत्ति है।

अचल संपत्ति के रूप में लोबिन हेंब्रम के पास पांच लाख रुपये की कृषि भूमि और बोरियो के लोगाय नूनाजोर मौजा में 80 लाख रुपये का आवासीय भवन है।पत्नी के पास भी 10 लाख रुपये की कृषि भूमि है। इस तरह लोबिन हेंब्रम व उनकी पत्नी के पास करीब दो करोड़ 30 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति है।

लोबिन हेंब्रम पर पंजाब नेशनल बैंक में 25 लाख रुपये का ऋण भी है। लोबिन हेंब्रम ने पिछले पांच वित्तीय वर्ष में 60 लाख 31 हजार 500 रुपये आय होने का जिक्र किया है।

लोबिन हेंब्रम ने वर्ष 1970 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना से मैट्रिक तक की पढ़ाई की है। गोड्डा के मुफस्सिल व ललमटिया थाना में केस दर्ज है जो लंबित है।

# अगर उम्मीदवारों ने नामांकन वापस नहीं लिए, तो झारखंड की इतनी सीटों पर लगाने पड़ेंगे 2-2 ईवीएम



**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन का दौर खत्म हो चुका है। 43 विधानसभा सीटों के लिए 804 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। इनमें से कम से कम 24 ऐसी सीटें हैं, जहां कुछ उम्मीदवारों ने नाम वापस नहीं लिए, तो वहां 2-2 ईवीएम लगानी पड़ेगी। भारत निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, कुल 804 उम्मीदवारों में 538 ने इन्हीं 24 सीटों पर उम्मीदवारी की दावेदारी की है।

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए जिन विधानसभा सीटों पर सबसे अधिक नामांकन हुए हैं, उसमें सबसे ऊपर जमशेदपुर की 2 विधानसभा सीटें हैं। जमशेदपुर पूर्व असेंबली सीट पर 32 लोगों ने नामांकन दाखिल किए हैं, जबकि जमशेदपुर पश्चिम में 31 प्रत्याशियों ने परचा भरा।

राजधानी रांची की हटिया विधानसभा सीट पर 30 उम्मीदवार हैं, तो बरकट्ठा में 29, बड़कागांव में 28, रांची में 26 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल कर दिए हैं। हजारीबाग, डालटेनगंज और गढ़वा में 25-25 लोगों ने इस बार झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने के इरादे जताए हैं। सभी ने नामांकन दाखिल कर दिए हैं। ईचागढ़ विधानसभा सीट पर 23, हुसैनाबाद में 22, चाईबासा (एसटी) और विश्रामपुर में 21-21, बरही, तमाड़ (एसटी), गुमला (एसटी) और कोलेबिरा (एसटी) में 19-19 उम्मीदवार सामने आए हैं। पोटका (एसटी), लोहरदगा (एसटी), भवनाथपुर, बिशुनपुर (एसटी) और सिसई (एसटी) सीट से 18-18, तो मांडर (एसटी) और पांकी में 17-17 प्रत्याशियों ने उम्मीदवारी का परचा भर दिया है।

इन सभी सीटों पर 2-2 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) लगानी पड़ेगी, क्योंकि एक ईवीएम में सिर्फ 16 उम्मीदवारों के ही नाम अंकित हो सकते हैं। इसलिए अगर इन सीटों पर उम्मीदवारों ने नाम वापस नहीं लिए, तो इन 24 सीटों पर 2-2 ईवीएम लगाना पड़ेगा। सोमवार (28 अक्टूबर) को इन सभी 804 परचों की जांच होगी। इसके बाद 30 अक्टूबर तक नाम वापस लेने की आखिरी तारीख है। उसी दिन तय होगा कि 13 नवंबर को 43 विधानसभा सीटों पर वोटिंग के दौरान कितनी सीटों पर 1 ईवीएम लगेंगे और कितनी सीटों पर 2 ईवीएम की व्यवस्था करनी होगी।

## 20 गांवों के लोग नहीं देंगे वोट, कहा-चुनाव में बूथ एजेंट बनने वालों के परिवार का कर देंगे दाना-पानी बंद



**गुमला, एजेंसी।** आजादी के 77 साल बाद भी सड़कें नहीं बनने से घाघरा प्रखंड के बिमरला व दीरगांव पंचायत के 20 गांवों के करीब 15 हजार ग्रामीणों में आक्रोश है। इन गांवों के लोगों ने इस बार विधानसभा चुनाव में वोट नहीं देने का निर्णय लिया है।

शनिवार को दोनों पंचायत के ग्रामीणों ने जनसभा की और फरमान जारी किया है कि अगर विधानसभा चुनाव में गांव का कोई भी व्यक्ति किसी राजनीति पार्टी का बूथ एजेंट बनेगा, तो उसके परिवार का बहिष्कार करते हुए दाना पानी बंद किया जायेगा। पंचायती कर सजा भी दी जायेगी। वहीं, अगर कोई ग्रामीण भी वोट देने जायेगा तो उसे भी सजा दी जायेगी।

ग्रामीणों ने कहा कि हर चुनाव में बिमरला व दीरगांव पंचायत की सड़कें बनाने की मांग की जाती है। परंतु, हर समय विधायक व सांसद वादा करते हैं। परंतु, सड़कें नहीं बनतीं। लोकसभा चुनाव में भी प्रशासन ने आश्वासन दिया था। पर सड़कें अब तक नहीं बनी। इसलिए इस बार के झारखंड विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने व वोट नहीं डालने का निर्णय सभी 20 गांवों के ग्रामीणों ने लिया है।

ग्रामीण बुद्धिमान खड़िया ने कहा है कि हमलोग यहां संकट में जी रहे हैं। सड़कें नहीं होने से गर्भवती व बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने में परेशानी होती है। गांव में अस्पताल भवन है। पर न डॉक्टर हैं और न नर्स। इलाज के लिए 30 किमी दूर प्रखंड मुख्यालय घाघरा जाना पड़ता है। स्कूल की छत भी टूटकर गिर रही है। प्रशासन व नेताओं से फरियाद लगा कर लोग थक गये हैं। अब गांव के प्रवेश द्वार पर नेताओं के लिए नो इंट्री की बैरिकेडिंग लगायी जायेगी।

दीरगांव व बिमरला पंचायत में 15 हजार आबादी है। यह पूरा इलाका घनी आबादीवाला क्षेत्र है। परंतु, सड़कें नहीं होने से गांवों का विकास ठप है। दो पंचायतों में दीरगांव, सलामी, तुसगांव, हेदमी, तेंदार, केदली, सराईडीह, काड़ासिल्ली, बिमरला, जोकारी, गुटवा, बियार, बरटोली, खुखराडीह, सेमला, रूकीघाट, घाघरापाठ, इंजनी, जमगई गांव शामिल है।

# झारखंड के इस प्रखंड की जनता चुनती है दो सांसद और तीन विधायक



**पलामू, एजेंसी।** पलामू का सतबरवा एक ऐसा अनोखा प्रखंड है, जो दो लोकसभा व तीन विधानसभा क्षेत्रों में बंटा है। इस प्रखंड का कुछ हिस्सा चतरा संसदीय क्षेत्र में, तो कुछ हिस्सा पलामू संसदीय क्षेत्र में आता है। यहां की जनता चतरा और पलामू के सांसद व मनिका, पांकी व डाल्टनगंज के विधायक के लिए मतदान करते हैं।

प्रखंड का कुछ हिस्सा डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र, कुछ हिस्सा पांकी विधानसभा क्षेत्र और कुछ मनिका विधानसभा (अजजा सुरक्षित) क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यही कारण है एक ही प्रखंड क्षेत्र के मतदाताओं को दो संसदीय व तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए (कुल पांच जनप्रतिनिधि) चुनाव में मतदान करना पड़ता है। सतबरवा प्रखंड इन संसदीय क्षेत्रों के अलावा दो पंचायत बकोरिया तथा रबदा लोहरदगा संसदीय क्षेत्र का भी हिस्सा हुआ करता था, जिसे बाद में चतरा संसदीय क्षेत्र में शामिल कर लिया गया।

पलामू के सतबरवा प्रखंड की स्थापना 28 अगस्त 1994 में हुई। सतबरवा प्रखंड में मतदाताओं की कुल संख्या 50,765 है। इस प्रखंड में 10 पंचायत हैं। सतबरवा, बारी, पोंची व दुलसुलमा पंचायत पलामू संसदीय क्षेत्र (अजा सुरक्षित) तथा डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के तहत आता है, जबकि चतरा संसदीय क्षेत्र में छह पंचायत बोहिता, रेवारातू, धावाडीह, घुटुआ, बकोरिया तथा रबदा पंचायत आती है। चार पंचायत बोहिता, रेवारातू, धावाडीह व घुटुआ पांकी विधानसभा क्षेत्र में, जबकि मनिका विधानसभा अजजा सुरक्षित क्षेत्र में दो पंचायत बकोरिया तथा रबदा आती है। डाल्टनगंज विधानसभा (75) क्षेत्र अंतर्गत आने वाली चार पंचायत के 21 बूथों में कुल मतदाताओं की संख्या 18741 है। वहीं, पांकी विधानसभा (76) क्षेत्र की चार पंचायत बोहिता, रेवारातू, धावाडीह व घुटुआ के 19 बूथ हैं। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 19417 है। मनिका विधानसभा (73) क्षेत्र की दो पंचायत बकोरिया तथा रबदा में बूथों की संख्या 14 है। यहां मतदाताओं की संख्या 12607 है।

दो सांसद व तीन विधायक होने के बावजूद पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड का अब तक समुचित विकास नहीं हुआ है। यहां के लोगों का मानना है कि प्रखंड क्षेत्र अलग-अलग संसदीय तथा विधानसभा में होने के कारण जनप्रतिनिधि विकास कार्यों में दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। इस कारण प्रखंड क्षेत्र का सर्वांगीण विकास नहीं हो पा रहा है। वन विभाग, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग के अलावा कई विभाग का ऑफिस मेदिनीनगर, मनिका, तथा लेस्लीगंज प्रखंड के अधीन है। इस कारण यहां कार्य कर रहे कर्मियों को काफी परेशानी होती है।

## सुविचार

**कोई भी व्यक्ति हमारा मित्र या शत्रु बनकर संसार में नहीं आता, हमारा व्यवहार और शब्द ही लोगों को मित्र और शत्रु बनाता है।**

# डिजिटल अरेस्टः कंगाल करता ठगी का जाल

'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर लोगों से लाखों-करोड़ों रुपए की ठगी के मामले इतने ज्यादा बढ़ गए हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में इसका जिक्र किया और बचने के तरीके भी बताए। निश्चित रूप से यह बहुत गंभीर विषय है और प्रधानमंत्री का इस पर चिंता जताना स्वाभाविक है। लोग इतनी मेहनत से रुपए कमाते हैं, उन पर घर-परिवार की जिम्मेदारियां होती हैं, लेकिन साइबर ठग चुटकियों में उनका बैंक खाता खाली कर देते हैं। आश्चर्य होता है कि आम लोगों से लेकर बहुत उच्च शिक्षित तथा उच्च पदों पर कार्यरत / सेवानिवृत्त लोग भी 'डिजिटल अरेस्ट' के झांसे में आ गए! ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जब लोग साइबर ठगों के बिछाए इस जाल में न फंसते हों। हालांकि अब जागरूकता बढ़ने से लोग बच भी रहे हैं। सवाल है- जब 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई प्रक्रिया कानून में है ही नहीं, तो लोग इसके नाम पर क्यों ठगे जा रहे हैं? इसकी बड़ी वजह 'जानकारी का अभाव' तो है ही, लोगों के मन में व्याप्त 'डर' भी है। इसे स्वीकार करना पड़ेगा कि शरीफ लोगों के मन में पुलिस का इतना ज्यादा डर होता है कि जब उन पर कोई मुसीबत आती है (चाहे वह पुलिस के वेश में साइबर ठगों द्वारा किया गया झूठा नाटक ही क्यों न हो) तो वे 'कुछ-न-कुछ' देकर अपना पीछा छुड़ाना चाहते हैं। यह हकीकत है। पुलिस और आम जनता के संबंधों में कितना भरोसा है, यह जानने के लिए राह चलते किन्हीं 10 लोगों के साथ कोई सर्वेक्षण कर सकते हैं। ज्यादातर लोग यही कहेंगे कि उन्हें पुलिस के पास जाने से डर लगता है। जब कानून के रखवालों और आम जनता के संबंधों में इतनी खाई होती है तो उसका फायदा साइबर ठग उठाते हैं।

ठगों ने 'डिजिटल अरेस्ट' का डर दिखाकर जिन लोगों को लूटा, उन्हें पुलिस, सीबीआई, सीआईडी, ईडी, आरबीआई, उच्चतम न्यायालय आदि के नकली नोटिस भी भेजे थे। इतने सारे 'नोटिसों' की बौछार होगी तो आम आदमी पर क्या बीतेगी? उस समय उसकी स्थिति का अंदाजा लगाने की कोशिश तो करें। वह यही चाहेगा कि किसी भी तरह से जान बचाई जाए, इस 'झमेले' से निकला जाए। साइबर ठग जो झूठे आरोप लगाकर लोगों को डराते हैं, वे कुछ ऐसे होते हैं- 'आपके नाम से पार्सल आया था, जिसमें ड्रग्स हैं ... फर्जी पासपोर्ट निकले हैं ... आपके आधार कार्ड से फर्जी सिम लेकर अपराध किया गया है ... आपके नाम पर फर्जी बैंक खाता खुलवाकर मनी लॉन्ड्रिंग की गई है ...।' जब कोई व्यक्ति कानून का पालन करते हुए ज़िंदगी जी रहा है, उसने ऐसा कोई अपराध किया ही नहीं है तो उसे पुलिस, सीबीआई या किसी अन्य एजेंसी से क्यों डरना चाहिए? इस सवाल पर बात करने का समय आ गया है। पुलिस और एजेंसियों का डर तो अपराधियों के मन में होना चाहिए। जब शरीफ आदमी पुलिस या एजेंसी के किसी अधिकारी को देखे तो उसके मन में निर्भयता की भावना पैदा होनी चाहिए। दुर्भाग्य से आज इसका उलटा हो रहा है। जब (फोन पर) साइबर ठगों की पोल खुल जाती है तो वे बहुत दुस्साहस दिखाते हुए कहते हैं कि 'जिससे शिकायत करना चाहते हैं, कर लें, कोई हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता।' वहीं, आम आदमी अपनी शिकायत दर्ज कराने से भी बहुत झिझकता है। प्रायः वह नजदीकी पुलिस थाने में जाने से पहले ऐसे व्यक्ति को साथ लेना चाहता है, जिसकी वहां कुछ जान-पहचान हो। बेशक ठगी के कई मामलों में पुलिस ने कार्रवाइयां की हैं, पीड़ितों को उनका हक दिलाया है। इसके साथ यह सवाल पूछना जरूरी है कि कितने पीड़ितों को उनका हक मिलना बाकी है? चूंकि जो रकम साइबर ठग किसी के बैंक खाते से उड़ाते हैं, वह कुछ समय तक रहती तो उसी तंत्र में है। अगर बैंकों का डिजिटल सुरक्षा तंत्र मजबूत किया जाए, नए खाते से आई रकम की निकासी के नियम कुछ सख्त कर दिए जाएं और पुलिस भी फुर्ती दिखाए तो साइबर ठगी पर काफी हद तक लगाम लगाई जा सकती है। बैंकों और डिजिटल पेमेंट मंचों को ग्राहकों का भरोसा बरकरार रखने के लिए 'सुरक्षा एवं निजता' से जुड़े नियमों में कुछ जरूरी बदलाव करने होंगे।

## ट्वीटर टॉक



स्पर्श हिमालय महोत्सव - 2024 में शामिल होने के बाद पूरे विश्वास से कह सकता हूँ कि आदरणीय डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' जी का प्रयास रंग लाया है। वे स्वयं कवि हैं और इसलिए जानते हैं समाज में बौद्धिकता को बढ़ावा देना भी संस्कृति का संरक्षण है।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



भुवनेश्वर प्रवास के दौरान रामा फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं से संवाद किया। धर्म और आध्यात्म की धरती ओडिसा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए विशेष पहचान रखती है। यहाँ की परंपराएं और लोक कलाएं ऐतिहासिक महत्व को दर्शाती हैं।

**-ओम बिरला**



जनसेवा हेतु आजीवन समर्पित रहे, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं लोहागढ़ के विकास पुरुष आदरणीय डॉ. दिगम्बर सिंह जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण नमन। प्रदेश की प्रगति और समाज की सेवा हेतु किये अपने अभूतपूर्व कार्यों व प्रयासों के लिए आप सदैव स्मरणीय रहेंगे।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# हर स्त्री में मां



आध्यात्मिक जीवन में डूबने के बाद स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने गृहस्थ जीवन का परित्याग कर दिया। कालांतर में उनकी पत्नी शारदा मणि महज उनकी शिष्या के रूप में रही। वे तेरह साल तक अपने पीहर में रहीं। वे भी गंभीर धार्मिक प्रकृति की थीं। स्वामी रामकृष्ण जब लंबे अंतराल के बाद अपने गांव पहुंचे तो शारदा मां भी ससुराल पहुंची। एक दिन उन्होंने स्वामी जी से पूछा, 'जब आपने अपना समस्त जीवन काली मां को समर्पित करना था तो विवाह क्यों किया?' तब रामकृष्ण परमहंस बोले, 'निस्संदेह, मैं हर कार्य उनकी आज्ञा से करता हूं।' मां शारदा ने प्रतिप्रश्न किया 'फिर आप मुझे किस दृष्टि से देखते हैं?' तब स्वामी रामकृष्ण ने कहा कि 'मां काली कहती हैं कि वे हर स्त्री में रहती हैं। इस दृष्टि से तुम भी मेरे लिये मां स्वरूप ही हो।' मां शारदा अपने पति की आस्था व समर्पण से अभिभूत हुईं। मां शारदा को स्वामी जी की पहली शिष्या के रूप में मान्यता मिली है।

## सामयिक

# दीप-माला से अज्ञानता के गहन अंधकार को मिटाएं

**संजीव ठाकुर**

दीपावली आशाओं के दीप जलाकर निराशा के अंधियारे को मिटाने का अवसर है। सकारात्मक सोच और अच्छे परिणाम की आशाओं को को लेकर कठिन परिश्रम और मनोबल के साथ जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति करना ही दीपावली मनाने का सत्यार्थ प्रयोजन है। दीपावली का हर दीपक आशाओं का आकांक्षाओं का और महत्वाकांक्षाओं के निहितार्थ होता है। श्रम से अपने सभी प्रयास सफल कर हर उस आकांक्षा को फलिभूत करना होगा जिसकी हमने परिकल्पना की थी। आओ हम सब मिलकर आशाओं के दीप जलाएं खुशियों की दीपावली को द्विगुणित करें। पौराणिक कथाओं के अनुसार दीपावली भगवान रामचंद्र जी 14 वर्षों के वनवास के बाद समस्त बुराइयों के प्रतीक रावण के वध के पश्चात अयोध्या लौटने पर इनका अयोध्या वासियों द्वारा घी की दीपमालाओं को नगर में कतार में लगाकर स्वागत किया गया था। राजा रामचंद्र जी सद्गुणों, अच्छाइयों, धैर्य, संयम और देव तुल्य सद्गुणों के न सिर्फ प्रतीक माने जाते हैं बल्कि स्वयं सिद्ध देवता भी हैं, जिन्होंने संपूर्ण जगत को रावण जैसी अनंत बुराइयों से मुक्त कराया था। आज उसी परंपरा पारीपाटी कों शिरोधार्य करते हुए मेहनतकश कुम्हारों और मां धरती की मिट्टी से बने पवित्र दीपों से उद्दीप्त करके समस्त सद्गुणों को द्विगुणित करने के लिए यह त्यौहार समस्त ऊर्जा और उत्साह से मनाते हैं। जगत वासी एक दूसरे से मिलकर बुराइयों के प्रतीकों को नष्ट करने का संकल्प लेकर एक दूसरे का मुंह मीठा भी कराते हैं, एवं औपचारिक तौर पर एक-दूसरे को उपहार देने का उपक्रम भी किया जाता है। गहन तमस पर उजाले की जीत का पर्व ही दीपावली है। सही मायने में दीपावली में हमें अपने घरों को माटी के दीपों से उज्ज्वल इत कर अपने व्यक्तित्व को ज्ञान के दीप से उद्दीप्त करना चाहिए। ऋषि मुनि ऐसा कह गए हैं कि शरीर को एक दिन इसी माटी में मिल जाना है और व्यक्तित्व तथा मस्तिष्क के ज्ञान की जो अविरल धारा आपके जीवन में बहेगी वह अनवरत कई पीढ़ियों तक सुदीप्त होती रहेगी, मनुष्य का जीवन अत्यंत अनमोल है इसी तरह जीवन में प्रकाश भी चाहे वह दीपों से हो या ज्ञान से हो जीवन को प्रकाशमान करते रहना होगा। दीपावली मूलतः प्रकाश का त्यौहार है। पौराणिक कथाओं के अनुसार धन, समृद्धि, विघ्न हरण एवं ऐश्वर्य के प्रतीक भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी की श्रद्धा पूर्वक पूजा करते हैं एवं दीपावली के एक दिन पूर्व धनत्रयोदशी या धनतेरस अति शुभ माना जाता है।

इस दिन लोग स्वर्ण अथवा रजत के आभूषण खरीदना अत्यंत शुभ लक्षण मानते हैं। इसके पीछे भी एक पौराणिक कथा है माना जाता है कि समुद्र मंथन के पश्चात लक्ष्मी जी की इसी दिन से उत्पत्ति हुई थी, इसीलिए इस दिन माता लक्ष्मी की पूजा धूमधाम से की जाती है। समुद्र मंथन से ही धनवंतरी जिन्हें औषधि विज्ञान का अविष्कारक माना जाता है की उत्पत्ति कार्तिक मास की त्रयोदशी मुहूर्त में हुई थी, इसीलिए धनवंतरी के नाम पर धनतेरस पर्व रखा गया है। पश्चिम बंगाल के लोग दीपावली को काली पूजा के रूप में मानते हैं वहां बड़े-बड़े एवं भव्य पंडालों के भीतर मां काली की प्रतिमा स्थापित की जाती है काली की पूजा के बाद वहां लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। सही मायने में दीपावली का अपना धार्मिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है। किंतु दीपावली के इस परंपरागत पवित्र त्यौहार में कुछ लोग अपने ऐश्वर्या का प्रदर्शन करने के लिए हजारों, लाखों रुपए के पटाखे छोड़कर वायु को प्रदूषित करते हैं, जो वायुमंडल के लिए अत्यंत खतरनाक होती है।

इस त्यौहार की सबसे बड़ी कमी इस बात की होती है कि लोग इस दिन जुआ खेलते हैं जो एक सामाजिक बुराई भी है। दीपावली का त्यौहार अंधकार पर प्रकाश की विजय के अपने संदेश को सार्थक करता नजर आता है। आज हमें अपनी व्यक्तित्व से और सामाजिक से बुराइयों को दूर कर अच्छाइयों को साथ लेकर चलने से यह दीपोत्सव का पर्व सचमुच सार्थक हो जाएगा। दीपावली की पुनः शुभकामनाएं।

## विशेष

# आयुर्वेद दिवस की सार्थकता

**दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'**

**मोबाइल : 7379100261**

भारतीय सामाजिक जीवन में उत्सवों-पर्वों की एक अटूट परम्परा सदियों से विद्यमान है। दीपावली के दो दिन पूर्व मनाये जाने वाले धनतेरस की प्राचीनता भी निर्विवाद है। सन 2016 में माननीय प्रधानमंत्री जी ने इसे 'आयुर्वेद दिवस' घोषित कर दिया था। आयुर्वेद दिवस के रूप में संज्ञापित होकर इसका देश-देशान्तर में क्षेत्र विस्तार ही नहीं हुआ, बल्कि यह अपने मूल मन्तव्य पर पुनर्स्थापित भी हो गया। वास्तव में धनतेरस एक तद्भव शब्द है, जो 'धन्वन्तरि त्रयोदशी' के बिगड़ने से बना है। भागवत पुराण के एक प्रसंग के अनुसार, कार्तिक कृष्णपक्ष त्रयोदशी को समुद्र मंथन से धन्वन्तरि महाराज अमृत कलश के साथ अवतरित हुए थे। इसी की स्मृति में धन्वन्तरि त्रयोदशी' का पर्व अस्तित्व में आया था। धन्वन्तरि महाराज पृथ्वी के आदि वैद्य हैं। अपने आरम्भिक रूप में यह स्वस्थ जीवन की कामना का पर्व था। निरोग शरीर ही जीवन का सबसे बड़ा धन है। आर्ष चिन्तन समस्त सुख-सम्पदा के समक्ष स्वस्थ जीवन को सर्वोपरि स्थान प्रदान करता है। इसलिए दिवाली के पर्वों की शृंखला में इसका प्रथम स्थान है।

इस पर्व पर पात्र क्रय की परम्परा भी पुरातन है। किन्तु तब यह धन्वन्तरि के अमृत-कलश से अनुप्रेरित थी। इसका निहितार्थ स्वास्थ के लिए आसव-अरिष्ट संचय हेतु पात्र की उपलब्धता से था। भारतीय पौराणिक वांगमय में धन्वन्तरि को आयुर्वेद का जनक माना गया है। प्राचीन आर्ष ग्रंथों में काशीराज, दिवोदास, नकुल और सहदेव धन्वन्तरि के पूर्ण अथवा आंशिक अवतार के रूप में चर्चित हैं। कश्यप और सुश्रुत संहिताओं में भगवान धन्वन्तरि को रोगों से मुक्ति दिलाने वाला देव कहा गया है। धन्वन्तरि ने अष्टांग आयुर्वेद का प्रवर्तन किया और विश्वामित्र के पुत्र सुश्रुत सहित आठ शिष्यों को इसके प्रसार का दायित्व प्रदान किया था। कालान्तर में धन्वन्तरि की एक परम्परा विकसित हो गई थी। योग्य आयुर्वेदाचार्य धन्वन्तरि कहे जाने लगे थे। धन्वन्तरि परम्परा के अन्तर्गत आयुर्वेद ने औषधि विज्ञान को इतना व्यापक बना दिया था कि उस समय ऐसा कोई रोग नहीं था, जिसकी चिकित्सा इस शास्त्र में न रही हो। प्राचीन उल्लेखों से ऐसे संकेत मिलते हैं कि यहाँ इतने गुणी और निपुण चिकित्सक थे, जिनकी ख्याति देश-विदेश में व्याप्त थी। यूनान, मिश्र, रोम, फारस तक के रोगी इनके यहाँ चिकित्सा के लिए आते थे।



प्राचीन काल में 'धन्वन्तरि त्रयोदशी' को वैद्यगण विधि-विधान से भगवान धन्वन्तरि की सामूहिक पूजा-अर्चना करते थे। आयुर्वेद के विकास के सम्बन्ध में गंभीर गोष्ठियों के आयोजन होते थे, जिसमें वैद्य लोग अपनी समस्याओं और अनुभवों का आदान-प्रदान करते थे। गाँव के बड़े-बूढ़े लोग परम्परा से प्राप्त गुप्त औषधियों का ज्ञान इसी दिन परिवार, पड़ोस अथवा सुयोग्य व्यक्ति को को देते थे।

उन्नीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध तक आयुर्वेद और धन्वन्तरि विषयक परम्पराएं सुदृढ़ थीं, किन्तु उत्तरार्द्ध के दशकों में आयुर्वेद की महिमा क्षीण होने लगी थी। वास्तव में इस समय तक भारतीय समाज में पश्चिम से आयातित शिक्षा में दीक्षित एक ऐसा वर्ग तैयार हो गया था, जो देसज ज्ञान-विज्ञान को हेय दृष्टि से देखता था। इनके लिए पाश्चात्य परम्पराएं स्तुत्य और मान्य थीं। फलस्वरूप अंग्रेजों के साथ आई तात्कालिक लाभ देने वाली 'एलोपैथी' की आंधी में देर से किन्तु, जड़ से रोग निवारण करने वाली आयुर्वेद की सदियों पुरानी जड़ें छिन्न-भिन्न होने लगीं। ऋतु परिवर्तन के साथ आहार-व्यवहार में बदलाव की संस्कृति हेय बन गई। ऐसी स्थिति में प्रकृति के अनुशासन में बंधकर जीवन जीने का संदेश देने वाले आयुर्वेद की अर्थवत्ता समाप्तप्राय हो गयी। बस, इस अवसर पर पात्र क्रय और 'यम दीपक' जैसी लोक जीवन में गहरी पैठ रखने वाली परम्पराएं ही बची रह गईं। बाद में गुलामी के लम्बे काल खण्ड और विदेशी विचारों ने हमारी गौरवयुक्त परम्पराओं व मान बिंदुओं पर धुंध की चादर तान दी। परिदृश्य इतना अदृश्यता की परिधि में आ गया कि हमें अपने गौरव, ज्ञान या मान का आदर ही न रहा। हर क्षेत्र में विदेशी दृष्टि से देखा जाना ही प्रगतिशीलता का प्रतीक बन गया। हमारी परम्परा में ज्ञान का वास था, वह हमारे लोक का अटूट हिस्सा थी। उससे हमारी रीति-नीति का निर्धारण होता था। यह व्यवस्था खत्म हुई तो बाजार की ताकतें मूल्य तय करने लगीं। परिणामतः 'धन्वन्तरि त्रयोदशी' धनतेरस बनकर पिछले पचास साल से सीधे-सीधे खरीदारी का उत्सव बन गया था।

यह एक सुयोग है कि मोदीजी ने प्रधानमंत्री बनने के साथ ही देसज ज्ञान-विज्ञान के पुनर्स्थापन और पुर्ननवीकरण पर ध्यान देना शुरू किया। योग और आयुष उनके एजेंडे में प्रमुख स्थान रखते थे। पहले उन्होंने 'योग दिवस' के बहाने दुनिया में योग का जनाधार प्रबल किया, फिर आयुर्वेद, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा, सिद्ध, होम्योपैथी पर सकारात्मक निर्णय लिया। इससे विश्व स्वास्थ्य संगठन भी प्रभावित हुआ और उसने ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन की स्थापना के लिए भारत को चुना। इसकी स्थापना के बाद दुनिया में पुरातन भारतीय चिकित्सा पद्धति को नई और सशक्त पहचान मिली।

वैसे भी पिछले कुछ वर्षों से एलोपैथी के साइड इफेक्ट और रिएक्सन से आक्रांत विश्व मानस आयुर्वेद की तरफ झुक रहा था। पश्चिम के चिकित्साशास्त्री भी स्वीकारने लगे थे कि आयुर्वेद मनो-दैहिक स्तर पर स्वस्थ्य जीवन देने वाली एक पूर्ण चिकित्सा पद्धति है। इसके साथ ही बहुराष्ट्रीय औषधि कम्पनियाँ भारत की जैव विविधता और वनस्पतियों को लेकर विशेष दिखने लगीं। देश के परम्परागत ज्ञान की चोरी भी आरम्भ हो गई। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने परम्परागत रूप से ठेठ देसी दस हजार पेटेंट अपने पक्ष में करा लिये। इसमें से नीम, हल्दी और बासमती को लम्बी मुकदमेबाजी के बाद वापस कराया जा सका है। हालांकि अब 'आयुष मंत्रालय' और 'विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान केंद्र' संयुक्त रूप से देशज चिकित्सकीय ज्ञान के डिजिटलीकरण में लगे हैं, मगर इससे अतिक्रमण की चुनौती पूर्णरूपेण समाप्त नहीं हुई है।

यहीं 'आयुर्वेद दिवस' की विशेष सार्थकता है। यह संवाद के नए-नए अवसर देगा। भारतीय संस्कृति में सामाजिक संवाद ही वह शक्ति रही है, जिसके माध्यम से प्राचीन ज्ञान-विज्ञान अक्षुण्ण रह पाया है। 'आयुर्वेद दिवस' से निःसृत संवाद एवं चिन्तन धन्वन्तरी और आयुर्वेद को जन जीवन के मध्य संस्कृति के अभिन्न अंग के रूप में मान्य बनाएगा। यह चेतना विकसित हो जाएगी तो संवाद की धारा के बीच हम अपनी परम्परा, विश्वास और मान्यताओं के निहितार्थ को सही पहचान के साथ जीवन में प्रतिष्ठित कर लेंगे। फिर हमारे ज्ञान और परम्परा को लूटने वालों को कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि सांस्कृतिक अस्मिता के रक्षार्थ लड़ने वालों को ढूंढना नहीं पड़ता, बल्कि यह अखंड आत्मबल के साथ प्रखर शक्ति बनकर स्वयं सामने आते हैं।

## नजरिया

# नायब सिंह के सामने अब 'नायाब' होने की चुनौती

**सुशील कुमार 'नवीन'**

**मोबाइल : 96717 26237**

लाडवा (कुरुक्षेत्र) से विधायक नायब सिंह सैनी ने अपने 13 सिपहसालारों के साथ हरियाणा के नए मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। मंत्रियों के विभाग आवंटन फूंक- फूंक कर किए गए है। कोशिश की गई है कि किसी तरह की नाराजगी सामने न आने पाए। प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में यह उनका दूसरा कार्यकाल है। वे 11वें ऐसे नेता हैं जिन्हें मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। नायब सिंह से पहले मनोहर लाल भाजपा से दो बार मुख्यमंत्री का दायित्व निर्वहन कर चुके हैं। गुजरात के बाद हरियाणा ऐसा राज्य बना है, जहां भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने का गौरव हासिल हुआ है। वो भी ऐसी स्थिति में जहां प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आने की उम्मीद पर काफी चिल्लम पौ मची हुई थी। खैर अब इस पर चर्चा करना वक्त से बेमानी है। भाजपा सत्ता में आ गई है और नायब सिंह ने टीम सहित दायित्व ग्रहण कर लिया है। जरूरत है अब जनता के द्वारा अनमोल गिफ्ट के रूप में दी गई सत्ता के संचालन का। फिलहाल भाजपा यह कह सकती है कि प्रदेश में किसी प्रकार की एंटी इनकम्बेंसी नहीं थी। जनता ने खुलकर भाजपा का साथ दिया है। पर चुनावों में एंटी इनकम्बेंसी नहीं थी, इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। जब भी कोई पार्टी ज्यादा समय तक सत्ता में रहती है तो उससे खुश होने वाले कम और नाराजगी वाले ज्यादा होते हैं। बदलाव समय की प्रक्रिया है। प्रदेश में भाजपा का यह तीसरा काल है। लोकसभा चुनाव में सत्ता विरोधी लहर का कांग्रेस का पूरा फायदा मिला था, पर विधानसभा चुनाव में भाजपा अपने कुशल प्रबंधन से फिर से सत्ता में लौट आई। अब समय जो एंटी इनकम्बेंसी चुनावों के दौरान दिखाई दी थी, उसे अब पॉजिटिविटी में बदलना है।

चुनावों के समय भाजपा का खुले रूप में सबसे ज्यादा विरोध करने वाला वर्ग कर्मचारियों का हैं। प्रदेश में करीबन पौने तीन लाख सेवारत कर्मचारी हैं। इसमें यदि डेढ़ लाख पेंशनर और मिला दिए जाएं तो संख्या पांच लाख पार हो जाती है। कर्मचारी वर्ग विशेषकर पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू करने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाता रहा है। लोक सभा चुनाव में भी कर्मचारी संगठनों ने इसे खूब भुनाया। विधानसभा चुनाव में भी कर्मचारी वर्ग भाजपा से नाखुश दिखा। लोहारू, आदमपुर, रोहतक जैसी सीट बहुत कम अंतर से रही है। इनमें भी कर्मचारी वर्ग का बड़ा रोल है। बैलेट पेपर में भी भाजपा की मत प्रतिशतता पचास फीसदी ही रही है। इस वर्ग को भी अपने साथ जोड़ना आने वाले समय के लिए नायब सरकार के लिए जरूरी है। 2020-2021 में दिल्ली की सीमाओं पर चले किसान आंदोलन का असर भी इस चुनाव में खूब दिखा। उस दौरान किसानों पर लाठीचार्ज, मुकदमे और आंदोलनकारी किसानों की मौत से एक बड़ा वर्ग सत्ताधारी भाजपा से नाराज दिखा। इसका असर लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिला। 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा 5 सीटों पर सिमटकर रह गई। किसान आंदोलन का असर हरियाणा के कई विधानसभा सीटों पर देखने को मिला। भाजपा नेताओं को



किसान वर्ग के गुस्से का भी शिकार होना पड़ा। किसानों को भी अपने साथ जोड़ने के लिए नायब सरकार को सकारात्मक होना पड़ेगा। चुनाव में बेरोजगारी भी बड़ा मुद्दा था है। कांग्रेस के संकल्प पत्र में पार्टी ने सरकार बनने पर 2 लाख पक्की नौकरी का वायदा किया था। वहीं भाजपा ने भी दो लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी और पांच लाख युवाओं को अन्य रोजगार के अवसर एवं नेशनल अप्रेंटिशिप प्रमोशन योजना से मासिक स्टाइपेंड देने की घोषणा की हुई है। कांग्रेस नेताओं के पर्ची खर्ची बयानों पर भाजपा बिना पर्ची बिना खर्ची का नारा देकर युवा गर्ग को अपने साथ जोड़ने में कामयाब रही है। शपथ से पूर्व 24 हजार पदों का रिजल्ट निकालकर नायब सरकार ने जबरदस्त सिक्सर मारा है। युवा वर्ग में योग्यता पर नौकरी के विश्वास को नायब सरकार को बनाए रखना होगा। नायब सरकार से पूर्व दो बार की मनोहर सरकार के समय कुछ बड़े घटनाक्रमों ने पूरे हरियाणा को हिलाया था। नवंबर 2014 में संत रामपाल गिरफ्तारी प्रकरण, फरवरी 2014 में जाट आंदोलन प्रकरण, अगस्त 2017 में डेरामुखी की गिरफ्तारी से उपजी हिंसा और जुलाई 2023 में नूंह हिंसा और तोड़फोड़ की बड़ी घटनाएं कभी भूली जाने वाली नहीं है। ये तो मनोहर लाल की पार्टी कैडर में अच्छी मजबूती रही, अन्यथा इस तरह की एक ही घटना मुख्यमंत्री बदलवा देती। इस तरह को कोई घटना क्रिएट न हो, इसके लिए प्रशासनिक मजबूती पर विशेष ध्यान रखना होगा। क्योंकि सरकार तो अफसर चलाते हैं। अफसरों की ढिलाई बने बनाए काम को बिगाड़ते देर नहीं लगाएगी। ऐसे में नायब सिंह को सबसे पहले अपनी टीम को मजबूत बनाना होगा। पिछली टीम मनोहर टीम थी, अब उसकी जगह नायब टीम बनानी होगी। हरियाणा के जाट और किसान भाजपा से नाराज रहे हैं। इस फैक्ट से भाजपा पूर्ण रूप से वाकिफ है। ये दोनों वर्ग प्रदेश के बड़े वर्ग हैं। इनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। जाट, गैर जाट का ध्रुवीकरण हमेशा फायदा नहीं दे सकता। परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आई डी की त्रुटियों को भी विपक्ष ने खूब भुनाया है। इन्हें सुधारने में हालांकि भाजपा सरकार ने काफी प्रयास भी किए हैं, पर अभी भी ये नाकाफी है। सबसे आखिरी और प्रमुख ध्यान अपने विधायकों और मंत्रियों के वर्किंग स्टाइल पर रखना होगा। इसे लेकर भी लोगों में काफी नाराजगी रही। अपने 9 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में मनोहरलाल केंद्र के समक्ष 'मनोहर' रहने में कामयाब रहे। अब नायब की बारी है, उन्हें मनोहर काल से अलग काम करके दिखाना होगा तभी वो नायब से 'नायाब' (उत्कृष्ट) बन पाएंगे।

न्यूज़ अपडेट

## दुर्गा मंदिर के सौंदर्यीकरण के नाम पर एक इंच भी गोचर जमीन नहीं दिया जाएगा: ग्रामीण

**देवीपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुसैनाबाद गांव स्थित हटिया मैदान में दुर्गा मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य स्वीकृत हुआ है। इसे लेकर कुछ मफियाओं के द्वारा अतिरिक्त जमीन पर नया कार्य निर्माण कर गोचर जमीन को अतिक्रमण करने के फिराक में है। इसकी भनक लगते ही ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी देवीपुर खोपलाल राम को लिखित आवेदन दिया। जिससे बाद अंचलाधिकारी खोपलाल राम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इसकी जांच को लेकर हल्का कर्मचारी को योजना स्थल पर भेज दिया और हल्का कर्मचारी के द्वारा अंचलाधिकारी को रिपोर्ट सौंप दिया है। लिखित आवेदन में कहा है कि दुर्गा मंदिर सौंदर्यीकरण हो, उसमें कोई रोक नहीं है। लेकिन जितना में पहले से बना है। उसी में जितनी राशि खर्च करनी है और ठीकेदारी करनी है करें। लेकिन उसके आसपास एक इंच भी जमीन अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। क्योंकि पहले से दुर्गा मंदिर गोचर जमीन में ही बना है। लेकिन जो बन गया सो बन गया। उसके बाद एक इंच भी जमीन अतिरिक्त आगे नहीं लेने दिया जाएगा। क्योंकि गोचर जमीन समाप्त हो जाने पर आने वाले पीढ़ियों को परेशानी उठाना पड़ेगा और इसलिए इस पर सख्त कार्रवाई करने का लोगों ने आग्रह किया है।

## झुमरबाद पंचायत क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं में हो रही है भारी गड़बड़ी

**देवीपुर ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झुमरबाद पंचायत में विभिन्न योजनाओं में भारी गड़बड़ी किया जा रहा है। 15वीं वित्त आयोग से एक कलभट निर्माण अन्यत्र एवं अनुपयुक्त जगह पर घटिया निर्माण कर सरकारी पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है। साथ ही कई ऐसी मनरेगा के योजनाएं टीसीबी आदि रिपीटेड वर्क कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसके अलावे अबूआ आवास योजना में सरकारी नक्शा के अनुसार 50% भी नक्शा के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है। वहीं अबूआ आवास योजना के लाभुक कुछ निर्माण से संबंधित बातें बताया भी नहीं जा रहा है। इस संबंध में पंचायत सचिव प्रभाकर कुमार ने बताया कि अभी हम हाल ही में उसे पंचायत का प्रभार मिला है। पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी बिंदु पर जांच कर आवश्यक कदम उठाएंगे।

## रेल यात्री का तीन माह पहले खोया मोबाइल रेल पुलिस ने खोज कर यात्री को लौटाया



**मधुपुर।** मधुपुर रेल पुलिस ने खोये हुए एक मोबाइल को खोजकर उसके वास्तविक स्वामी को लौटाने का काम किया है. इस संबंध में मधुपुर रेल थाना प्रभारी कार्तिक महतो ने बताया कि मधुपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत बावन बीघा का के मोबाइल जुलाई महीने में आसनसोल से मधुपुर ट्रेन में आने के क्रम में खो गया था. जिसके बाद मोहम्मद असलम के द्वारा रेल थाना मधुपुर में आवेदन देकर मोबाइल खो जाने का सनहा दर्ज करवाया गया था. जिसके बाद मधुपुर रेल पुलिस के एएसआई दिवाकर चौधरी द्वारा इस मामले में लगाता कार्रवाई कर रही थी. इसी के तहत मोबाइल सर्विलांस में आने के बाद रेल पुलिस के द्वारा पश्चिम बंगाल के बर्दवान से बरामद किया गया। कागज के जांच उपरांत मोहम्मद असलम को सौंप दिया गया. मोबाइल मिलने के बाद मधुपुर रेल थाना के प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मियों के इस कार्यों की सराहना की ओर धन्यवाद दिया।

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता : साक्षी महाराज

**संवाददाता।**



मधुपुर अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाले भाजपा के फायर ब्रांड नेता वरिष्ठ सांसद साक्षी महाराज रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. अरुण गुटगुटिया के आवास पर पहुंचे। मौके पर साक्षी महाराज ने पत्रकारों से कहा कि दुनिया की कोई ताकत झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने से नहीं रोक सकती। दुनिया में मुसलमान- मुसलमान के ही दुश्मन बने है। खाड़ी देशों में 32 लाख मुसलमानों को मुसलमानों ने ही हत्या कर दी। भारत का मुसलमान भयमुक्त और सबसे सुरक्षित है। कांग्रेस ने वर्षों शासन के बावजूद मुसलमान के दरवाजे से टाट नहीं हटाया। नरेंद्र मोदी ने लाखों मुसलमानों का घर बनवाया। बगैर भेदभाव के अनाज दिया, कई योजनाओं का लाभ दिया। मोदीजी ने सबका साथ,सबका विश्वास ,सबका विकास सबका प्रयास के विचारों के साथ काम किया। भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। हमारे जैसे नेता विश्व में नहीं है। योगी जैसा मुख्यमंत्री पूरी दुनिया में नहीं है। देश की जनता काफी समझदार है। हरियाणा में मीडिया के सारे आकलन गलत साबित हुए। हरियाणा की तरह महाराष्ट्र और झारखंड में भी भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से सरकार बनाएगी। भाजपा नेता पूर्व मंत्री राज पलिवार के असंतुष्ट रहने के बाबत कहा कि राज पलिवार हमारे पार्टी के वरिष्ठ नेता है। पार्टी में कई प्रत्याशी टिकट की अपेक्षा में थे। राष्ट्रीय हित में और पार्टी हित में समझौता करना होता है। राष्ट्रीय में अनेक लोगों ने अपना सिर कटवा दिया। राज पलिवार को मना लिया जाएगा। मधुपुर से भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित है। इस मौके भाजपा नेता डाक्टर अरुण गुटगुटिया, पूर्व नप अध्यक्ष संजय यादव, विनय वर्मा,राजेश आनन्द, पप्पू चौधरी, अंकित सिंह राठौर आदि मौजूद थे।

## हफीजूल हसन आज करेंगें नामांकन

**संवाददाता।**



इंडिया गठबंधन के मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी झारखंड सरकार के मंत्री हफीजूल हसन 28अक्टूबर को नामांकन करेंगें। नामांकन के दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जनसभा भी निर्धारित हुई है। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं तथा पदाधिकारियों की एक बैठक पनाह कोला में जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय उपस्थित रहे तथा उन्होंने तैयारी की समीक्षा की और निर्देशित करते हुए कहा कि नामांकन तथा जनसभा को सफल बनाने के लिए हमारे बुथ स्तर से भी कार्यकर्ता भाग लेंगें। प्रदेश सचिव फैयाज केसर को इस कार्यक्रम का विशेष रूप से मोनेंटरिंग करने की जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने भी बताया कि पंचायत तथा बुथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। जो भारी संख्या में शरिक होंगें। बैठक में जिला महासचिव -सह-प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुमार राज, प्रखंड अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ गुलाब यादव, जयशंकर शरण,नगर अध्यक्ष मो शैफ, युवा नेता राहुल सिंह, इमरान खान उर्फ मिस्टर, पियूष झा,अभिनव जायकाब, इमरान असर्फी आदि मौजूद थे।

## रेलवे स्टेशन निकट अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**श्रम बिंदु /डुमरी।** निमियाघाट रेलवे स्टेशन के समीप धनबाद- गया रेलखंड के नगरी रेलवे फाटक के समीप डाउन लाईन के पोल संख्या 309/16 के सामने रविवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया। रेलवे पुलिस को जानकारी होने पर शव को जब्त कर अपने साथ गोमो ले गयी।साथ ही आगे की कार्रवाई में जूट गयी।मौके पर उपस्थित लोगों का कहना था कि उक्त व्यक्ति किसी ट्रेन से गिर गया होगा।

मृतक का शरीर दो भागों में कट गया था।खबर भेजे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

## रविन्द्र राय को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता

**श्रम बिंदु /डुमरी।** कोडरमा के पूर्व सांसद सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा रवीन्द्र राय को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर स्थानीय भाजपाईयों ने बधाई दी है।



साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त किया है कि श्री राय के नेतृत्व में प्रदेश में संगठन में और मजबूती आएगी।

बधाई देने वालों में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य प्रशांत जायसवाल, जीवाधन महतो, कृष्णकांत शर्मा,निर्मल जायसवाल, सुरेन्द्र कुमार बजल हेम्ब्रम, युगल यादव, पिन्टू कुमार, शिवकुमार सिन्हा, बासुदेव यादव आदि शामिल थे।

## नेतृत्व के निर्णय का पालन करूंगा : इन्द्रजीत जायसवाल

**श्रम बिंदु / डुमरी।** गत 24 अक्टूबर को 33-डुमरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने वाले डुमरी अनुमंडल क्षेत्र के वरीय अधिवक्ता सह भाजपा नेता इन्द्रजीत कुमार जायसवाल से यह पूछे जाने पर कि डुमरी से आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी के उम्मीदवारी की घोषणा हो गई है,तो ऐसे में आप क्या करेंगे ?

तो उन्होंने कहा कि वह गठबंधन धर्म का निर्वहन करेंगे और अनुशासित कार्यकर्ता होने के नाते पार्टी के प्रत्येक निर्देश का पालन करेंगे। बता दें कि राज्य में होने जा रहे विधानसभा निर्वाचन 2024 में डुमरी सीट पर भी चुनाव होना है।यह सीट एनडीए द्वारा गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने हेतु आजसू पार्टी को दी गई है।जिस पर काफी जद्दोजहद के बाद पार्टी ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र से डुमरी प्रखण्ड के चैनपुर पंचायत निवासी पार्टी के दिवंगत नेता स्व दामोदर महतो की पत्नी यशोदा देवी को चुनावी मैदान में उतारा है।

# इको विद्या फाउंडेशन ने कचरा के समस्या का सकारात्मक हल निकालने का किया प्रयास

**संवाददाता।**



**देवघर।** इको विद्या फाउंडेशन शिक्षा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में निरंतर काम कर रही है। हर वर्ष दिवाली के समय में सफाई में केवल देवघर शहर से लगभग हजारों किलोग्राम वास्त्र सामग्री लोग परित्याग कर देते हैं, जो कचरा का रूप ले लेती है। वास्त्र सामग्री का कार्बन फुटप्रिंट भी बहुत अधिक होता है।

इको विद्या फाउंडेशन ने इस समस्या का एक सकारात्मक हल निकालने का प्रयास किया है। उन्होंने गूंज फाउंडेशन से हाथ मिलाकर उनके दान उत्सव मुहिम में भाग लेना तय किया। इसके तहत नगरवासियों से अपील की गई कि वे अपने पुराने कपड़े, जूते, किताबें, बेडशीट, चादर जैसी तमाम वस्तुओं को इको विद्या फाउंडेशन के द्वारा लगाए गए दान शिविर में लाकर दान कर दें।

इन सभी वस्तुओं को गूंज के निकटतम दफ्तर में भेज दिया जाएगा, जिसके बाद इसे गूंज के विभिन्न पहलू के द्वारा जरूरतमंद लोगों तक पहुंचा दिया जाएगा।

इस अवसर पर तीन अलग-अलग स्थानों - नंदन पहाड़, जलसार पार्क और इस्कॉन मंदिर में दान शिविर लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान देवघर नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों ने अपने पुराने कपड़े, किताबें, खिलौने और अन्य उपयोगी सामग्री दान की।

इस दान का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना और समाज में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना रहा। इस कार्यक्रम को पूरी उत्साह के साथ उत्सव के रूप में मनाया गया। शहर के संगीत प्रेमी लड़कों ने वहां गीत और कविता गुंजाए। प्रकाश आर्य ने अपने गिटार से शाम भर दी, तो देवघर से राष्ट्रीय स्तर में अपना नाम बनाने वाले युवा कवि सर्वोत्तम राज ने स्वरचित गीत सुनाए।

इको विद्या फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप मिश्र ने पूरे कार्यक्रम का ब्यौरा देते हुए बताया कि नगरवासियों ने खुलकर आए और दान दिया। उन्होंने बताया कि लगभग 600 किलोग्राम केवल वस्त्र दान किए गए और इसके अलावा किताबें, जूते और खिलौने भी दान किए गए। इको विद्या फाउंडेशन के सीईओ सुधाकर चौधरी ने बताया कि श्दानुत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को दान की महत्ता के बारे में जागरूक करना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। मैं इको विद्या फाउंडेशन की पूरी टीम की तरफ से सभी नगरवासियों को धन्यवाद कहता हूं। जिस तरह से लोगों ने अपना समय और अपनी प्रिय वस्तुएं दोनों हमें दी हैं, यह सराहनीय है और हम इसके कृतज्ञ रहेंगे।

इस मौके पर देवघर में शिक्षा और लोक सेवा के क्षेत्र में भीष्म पितामह के नाम से मशहूर शिक्षक श्री जय शंकर झा सहित शहर के कई जाने माने समाज सेवी भी भाग लिया और लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि समाज में मौजूद प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वंचित वर्ग के लिए कुछ न कुछ करे जिससे समाज में प्रत्येक व्यक्ति आगे आए और वे देश को मजबूत करने में व पर्यावरण को बेहतर बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सके।

कार्यक्रम के अंत में इको विद्या फाउंडेशन की टीम ने सभी दानकर्ताओं को धन्यवाद दिया था उनके कार्यों की सहराना की। इस कार्यक्रम की सफलता से यह साबित होता है कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए हमें बस एकजुट होने की जरूरत है।।ये जानकारी संघ के सदस्य नवीन शर्मा ने दिया।

# गोवंश लोड कई वाहनों को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस ने छोड़ा

### डुमरी व मधुबन थाना क्षेत्र में गोवंश पशु लोड 16 गाड़ियां पकड़े गए थे

### पशु चिकित्सक की रिपोर्ट पर पशुओं से लोड उक्त वाहनों को छोड़ दिया गया

**श्रम बिंदु /गिरिडीह।**





गिरिडीह जिले जो स्पर्श करती नई दिल्ली - कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19(पूर्व नाम एनएच 2) विभिन्न वस्तुओं की तस्करी का जरिया बनकर रह गया है।जिससे इस मार्ग से होकर ले जाए जाने वाले विभिन्न वस्तुओं के परिवहन पर असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

जहां इस मार्ग से होकर अवैध कोयले के ट्रक परिवहन के क्रम में पुलिस द्वारा पकड़े जाते हैं। वहीं पिछले कई वर्षों से कई क्षेत्रीय बिचौलियों की साठ गांठ से गोवंशीय पशुओं की तस्करी बड़े पैमाने पर की जाती है।सूत्र बताते हैं कि झारखण्ड में होने जा रहे विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर गोवंशीय पशुओं की तस्करी में बेतहाशा वृद्धि दर्ज हो गई है।हालांकि विभिन्न गौ प्रेमी और ग्रामीणों द्वारा इस गोरखधंधे पर चौकसी की जाती है।बावजूद इसके पकड़े जाने पर भी बहुतायत की संख्या में इन मासूम गोवंश से लदे वाहनों को पुलिस द्वारा छोड़ दिया जाता है।ऐसे दी दो मामले एक ही दिन जिले में डुमरी अनुमंडल क्षेत्र के डुमरी थाना एवं मधुबन में घटी हैं।

पहली घटना डुमरी थाना क्षेत्र की है।जहां डुमरी थाना पुलिस ने डुमरी गिरिडीह मार्ग पर जामतारा ग्राम निकट बैरियर के पास 26 अक्टूबर की रात गोवंशीय पशुओं से लदे 11 बोलेरो पिक अप डीआई वाहन को पकड़कर थाना ले गयी थी। वहींरविवार की अपराह्न थाना प्रभारी ने बताया कि सभी वाहनों में लदे पशु दुधारू थे। जिसकी जांच रविवार को भ्रमणशील चिकित्सीय पदाधिकारी द्वारा कराया गया। जिसमें यह पता चला कि सभी पशुओं को अवैध वधशाला नहीं ले जाया जा रहा था और सभी दुधारू गाय हैं।बख्श दिए गए।

वहीं बताया जाता है कि पशुओं को बक्सर से बंगाल ले जाया जा रहा था।सभी वाहनों को डुमरी के केबी रोड के रास्ते गिरिडीह डुमरी पथ होते हुए एनएच 19 ले जाया जा रहा था। ताकि उक्त सभी पशुओं को बंगाल ले जाया जा सके।

दूसरी घटना में,डुमरी प्रखंड के चैनपुर पंचायत अंतर्गत मधुबन थाना क्षेत्र में डोमाबारा ग्राम के पास ग्रामीणों ने रविवार की अपराह्न कुल 28 गोवंशीय पशुओं से लदे 5 वाहनो को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि गिरिडीह की ओर से कई वाहनों में गोवंशीय पशु को लोड कर ले जाया जा रहा था जिसे देखकर ग्रामीणों ने वाहन को रोककर चालकों से पूछताछ की।साथ ही देखा कि सभी वाहनों में 16 बछड़ों सहित कुल 28 गोवंशीय पशु लदे थे। जिस पर बताया गया कि सभी वाहनों को एनएच 19 के रास्ते बंगाल ले जाया जा रहा था, जिन्हें बिहार से गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र और पीरटांड़ थाना क्षेत्र होते हुए गिरिडीह डुमरी मार्ग होकर डोमाबारा ग्राम होते हुए रांगामाटी रेलवे फाटक के पास एन एच 19 पकड़ना था।जिससे होकर पूरब दिशा की ओर निमियाघाट थाना क्षेत्र होते हुए बंगाल ले जाया जाना था।गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक उक्त वाहनों में लोड देखकर ग्रामीण भड़क गए और उन्होंने इसकी सूचना डुमरी अनुमंडल क्षेत्र के मधुबन थाना को दिया।जिसके बाद पुलिस ने उक्त गांव में पहुंचकर सभी वाहनों को वापस थाना ले गई।जिसके बाद उन्हें भी चिकित्सीय जांच के कारण छोड़ दिया गया।

लोगों का मानना है कि यह कोई नई बात नहीं है,तथा पशुओं की तस्करी में राष्ट्रीय गिरोह के संलग्न होने की बात बताई जा रही है,उनका यह धंधा पुराना है ।

# बाबूलाल ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव को ले की गंभीर चर्चा

### पीएम मोदी के 115वे एपिसोड मन की बात प्रदेश अध्यक्ष के साथ सुना गया






**श्रम बिंदु /गिरिडीह।**

पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बहाने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह पहुंचकर चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की।

मौका था,गिरिडीह विधानसभा भाजपा नगर मंडल के वार्ड संख्या 5 एवं 6 के हनी हॉली ट्रिनिटी स्कूल गिरिडीह के बूथ संख्या 15, 16, 17 पर मन की बात कार्यक्रम का। सेवानिवृत्ति इंजीनियर विनय कुमार सिंह भाजपा नेता के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता एवं सम्मानित नागरिकों ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 115 वे एपिसोड मन की बात सुना। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्होंने मन की बात को सुना। जिसमें प्रधानमंत्री के द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के 31 अक्टूबर की जयंती जो राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है तथा झारखंड के धरती पुत्र भगवान बिरसा मुंडा से संबंधित अपने विचार व्यक्त करते हुए अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश प्राप्त किया। साथ में आगामी दीपावली ,छठ पर्व , चित्रगुप्त पूजा भैया दूज आदि त्योहारों पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।मन की बात कार्यक्रम के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का इंजीनियर विनय कुमार सिंह के शिवपूरी आवासीय कार्यालय पर आगमन हुआ। जहां सिंह के साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य रूप से स्वागत किया। इस क्रम में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव के निमित्त गिरिडीह जिले के सभी विधानसभा में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरता से विचार विमर्श एवं चर्चा करते हुए अध्यक्ष के द्वारा मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश दिया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा पूर्व जिला मंत्री सुनीत सिंह,भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र वर्मा, एसी मोर्चा नगर अध्यक्ष अमित पासवान, ओबीसी मोर्चा वासुदेव राम चंद्रवंशी, महिला मोर्चा के पिंकी सिंह, तारा देवी, भाजपा नगर के कुंदन सिंह राजपूत, राजेश पांडे, वीरेंद्र पांडे, मोनू पांडे, कमल दास, सुमन सिंनहा , कुमार गौरव ,मृगेंद्र कुमार ,आशीष कुमार , अनिष राज, मंटू मुर्मू ,मोहन राम, निशु सिंह, राहुल राज, राजकुमार पासवान, सुरेश पासवान, धर्मेंद्र राय,आदि सैकड़ो भाजपा नेता,कार्यकर्ता एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट

### एसपी ने बड़कागांव के बुथों का किया निरीक्षण

- मतदान को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक
- अपना मत अपनी स्वेच्छा से करें : अरविंद कुमार



**बड़कागांव ।** विधानसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार ने बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत के विभिन्न बूथों का दौरा कर निरीक्षण किया।एसपी अरविंद कुमार ने मुख्य रूप से बड़कागांव प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुदी बूथ संख्या 156 एवं 157 का निरीक्षण किया। तत्पश्चात मतदान की जागरूकता को लेकर कांडतरी पंचायत अंतर्गत के महुदी टोला सतबहिया में बिरहोर मतदाताओं से मिलकर उन्हें जागरूक किया और कहा कि वोट आपका जन्म सिद्ध अधिकार है आप सभी किसी के कहने या लोभ लालच में आकर मतदान नहीं करें।आप सभी लोग स्वेच्छा से जिसे चाहे उसे मतदान करें।इस दरमियान उन्होंने बिरहोर परिवार के बीच बिस्किट , टॉफी मुरही सहित कई खाने वाला सामग्री का वितरण किया जिसे पाकर ग्रामीण महिला पुरुष व बच्चे काफी खुश थे।मौके पर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार , पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार , थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल , पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद , पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार चौबे , शमशेर आलम , वार्ड सदस्य अनिल बिरहोर , सुरेंद्र कुमार , मोहित कुमार , राजकुमार राणा, अफतर हुसैन सहित दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

### बरही पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से निकाला फ्लैग मार्च

**श्रम बिंदु बरही।** बरही विधानसभा चुनाव को लेकर बरही पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने शनिवार को बरही शहर में फ्लैग मार्च निकला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने किया। जिसमें बरही थाना के एसआई नागेंद्र पांडेय, सुरजीत चौधरी, रंजीत भगत, सुमित साव, कपूल दीपक नाग पुलिस के जवान सहित बीएसएफ के 80 जवान शामिल थे। मौके पर पुलिस ने लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर पुलिस को सूचित करने की बात कही। फ्लैग मार्च बरही थाना परिसर से बरही चौक व चारों मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस थाना पहुंचा। बरही थाना प्रभारी आभाष कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का मकसद मतदाताओं में विश्वास जगाना और उन्हें भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना था। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से अपील की गई कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव में भाग लें।बता दें कि बरही विधानसभा में पहला चरण यानि आगामी 13 नवंबर को मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी।




### निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव ने मांडू विधानसभा से आज करेंगे नामांकन

- आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) से डॉ० नजीर अंसारी का भी नामांकन आज


रोहित यादव — डॉ० नजीर अंसारी

**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।** मांडू विधानसभा क्षेत्र से रोहित यादव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे। रोहित यादव चलानिया के बादीखरना गांव से आते हैं, वे 2014 से अपनी राजनीतिक कैरियर की शुरुआत की। उन्होंने चौदह वर्षों से अपनी क्षेत्र के जनता की सेवा लगातार करते आ रहे हैं। अपने राजनीतिक कैरियर में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है।इस संबध में पूछे जाने पर कहा कि जनता का आशीर्वाद है जो मांडू विधानसभा क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि और भी विधानसभा क्षेत्र से मांडू विधानसभा क्षेत्र विकास में काफी पिछड़ा हुआ है। अगर मांडू की जनता हमें अवसर देती है तो मांडू विधानसभा क्षेत्र का सर्वगिण विकास होगा। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी उम्मीदवारी को लेकर शनिवार को हजारीबाग में प्रपत्र खरीदा। 28 अक्टूबर सोमवार को अपना नामांकन करवाएंगे। उन्होंने अपना नामांकन में अधिक से अधिक लोगों को आने की अपील की। वही मांडू विधानसभा क्षेत्र से आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) मांडू विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ० नजीर अंसारी आज ही करेंगे अपना नामांकन।

# भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव के विभिन्न गांव में जनसंपर्क चलाया वोट मांगा

## युवाओं को रोजगार से जोड़ना पहली प्राथमिकता : रौशन लाल चौधरी

**बड़कागांव ।**

बड़कागांव विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने 27 अक्टूबर को बड़कागांव प्रखंड के गुरु चट्टी , बनिया टोली ,सूर्य मंदिर , तेलियतरी ,चंदन टीला,लंगातू ,चेपाखुर्द, जुगार, डाडीकला, चपकाला, सिंदवारी, सोनबरसा ,करीगढ़ा , चमगढ़ा, सीकरी, पारपेन ,जमनीडीह,पड़रिया , सिरमा, छावनिया, बड़कागांव, वरमोहल्ला, बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला आदि गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया हर हर गांव के लोगों ने गाजे बाजे के साथ आरती उतार वा फूल माला पहन कर भव्य स्वागत किया। और भरोसा दिलाया कि इस बार बड़कागांव विधानसभा को रोशन ,रोशन लाल ही कर सकते हैं।लोगों को संबोधित करते हुए एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा की जनता परिवर्तन की मूड बना ली है, इस बार मुझे मौका मिलेगाऔर बड़कागांव विधानसभा की जनता को भरोसा दिलाता हूं कि क्षेत्र के विकास के साथ राज्य और देश का विकास होगा।और विकास एक मात्र भारतीय जनता पार्टी कर सकती है।मैं 15 वर्षों से आपके बीच में रहा और आपके सुख दुख में खड़ा रहा।आगे उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार हेमंत सोरेन ने पूरे झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।झामुमो,कांग्रेस, राजद कि नेताओं ने जनता को ठगने का काम की है।लोगों के समस्याओं के समाधान के लिए कोई उनके पास कोई विकल्प नहीं है।इस बार भाजपा को भारी समर्थन दे।हम क्षेत्र में चौमुखी विकास करेंगे।स्थानीय युवाओं रोजगार से जोड़ना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार ,पूर्व जीव सदस्य टुकेश्वर प्रसाद , उप प्रमुख वचन देव कुमार,आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, संदीप कुशवाहा , मुखिया अनिकेत नायक , भाजपा नेत्री पूनम साहू , कामेश्वर महतो, घनश्याम कुमार, रवि राम ,किशोर राणा ,मेवा नाग, रामचंद्र साव, राजेश यादव, नरसिंह प्रसाद, इंद्र भूषण कुमार, खेमानी साहू, टुकन प्रसाद, मोहन महतो, अवध किशोर मेहता, राज मेहता, घनश्याम जायसवाल ,सत्येंद्र गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद, जमुना महतो ,अवध किशोर यादव ,रामेश्वर चौरसिया ,रामचंद्र महतो,सुधांशु शेखर,तुलेश्वर राम,शिबू मेहता उदय मेहता अरुण मालाकार , अरविंद कुमार, राजू सोनी,पंकज कुमार , लालमणि महतो, राजा खान, मनोज दांगी सहित सैकड़ो लोग जनसंपर्क अभियान में शामिल थे।



## दारू प्रखंड में दीपावली की तैयारी कुम्हार समाज का संघर्ष और परंपरा

**श्रम बिंदु संवाददाता दारू ।**

दीपावली पर्व नजदीक आते ही दारू प्रखंड में तैयारियां तेजी पकड़ने लगी हैं। जैसे गांवों में मिट्टी के दीपक और मटकी बनाने वाले कुम्हार समाज के लोग इस परंपरागत धंधे में जुट गए हैं। ये कुम्हार मिट्टी के दीपकों को बनाने के लिए एक महीने पहले से ही मेहनत कर रहे हैं, क्योंकि दीपक का महत्व धार्मिक और सांस्कृतिक दोनों दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। दारू प्रखंड के कुम्हार समाज के लोग बताते हैं कि मिट्टी के दीपक केवल दीपावली के लिए नहीं, बल्कि सभी पूजा-पाठ के अवसरों पर उपयोग किए जाते हैं।



हालांकि, इस पारंपरिक व्यवसाय के सामने चाइनीज लाइटों की बढ़ती लोकप्रियता एक बड़ी चुनौती बन गई है। आजकल बाजार में चाइनीज लाइट्स ने मिट्टी के दीपकों की जगह ले ली है, जिससे कुम्हारों की मेहनत और कलाकारी को अनदेखा किया जा रहा है। कुम्हार समाज ने बताया कि चाइनीज लाइट्स की चकाचौंध ने ग्रामीणों को मिट्टी के दीपकों से दूर कर दिया है। इसके चलते कुम्हारों की आमदनी में कमी आई है, और कई लोगों ने इस व्यवसाय को छोड़ने का मन बना लिया है। आज ये व्यवसाय केवल दीपावली और गर्मियों के दौरान ही सीमित रह गया है हालांकि, कुम्हार समाज अपनी परंपराओं को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है। स्थानीय प्रशासन और समुदाय के सहयोग से इस परंपरा को जीवित रखने का काम किया जा सकता है। यदि लोग मिट्टी के दीपकों की महत्ता को समझें और उनके प्रति जागरूकता बढ़ाएं, तो यह न केवल कुम्हारों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि संस्कृति और परंपरा को भी संरक्षित करेगा। दीपावली के इस पावन पर्व पर, आइए हम सभी मिलकर कुम्हार समाज के प्रयासों को सराहें और मिट्टी के दीपकों की रौशनी में अपने घरों को सजाएं।

## रूठे कार्यकर्ताओ को मनाने में जुटे हैं प्रत्यासी

**श्रम बिंदु बरही।**

बरही। बरही विधानसभा से कांग्रेस और भाजपा का हॉट सीट मना जाता है। इस बार बरही विधानसभा में कांग्रेस पार्टी ने उम्मीदवार को बदलाव किया है। कांग्रेस के सिटिंग विधायक उमाशंकर का टिकट काटकर पार्टी ने नए उम्मीदवार अरुण साहू पर भरोसा जताया है। बता दें कि विधानसभा से अकेला यादव को कांग्रेस से टिकट न मिलने पर समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। इसके स्थान पर कांग्रेस ने अरुण साहू को प्रत्याशी बनाया है। विपरीत परिस्थिति में उमाशंकर अकेला के साथ रहे कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता अब अरुण साहू के पक्ष में करवट ले लिया है। इस बदलाव से श्री अकेला का मुश्किलें बढ़ती दिख रही है।



वे अपने संग रहे समर्थकों को मनाने में लगे हैं। वे घर घर जाकर रूठे समर्थकों को कह रहे कि इस बार हमें अंतिम मौका दें। कई मिन्नते अपने सार्थकों से कर रहें हैं। इधर भाजपा से मनोज कुमार यादव को बरही विधान सभा से प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपा के समर्पित कार्यकताओं में असंतोष की भावना देखी जा रही है। भाजपा से टिकट लेने के दौड़ में भाजपा के कई पार्टी कार्यकर्ता चुप्पी साध लिए हैं तो कई के नाम खुलकर सामने भी आया है। भाजपा से सुनील साहू को टिकट नहीं मिलने पर बरही विधानसभा से निर्दलीय से चुनाव लड़ रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो दिग्गजों की चुनावी लड़ाई में इस बार भाजपा से नाराज कार्यकर्ता बरही विधान सभा में साहू समीकरण चलाने की उम्मीद जताया जा रहा है। पुराने रहे प्रत्यासी कह रहें अंतिम बार मौका दें। जनता का विचार आ रहा है अबकी मौका नहीं। चुनावी मैदान में बरही विधानसभा से अब दो दिग्गजों का नहीं, मुख्यतः तीन का हल्ला बोल चल रहा है। अब देखना है कि बरही विधानसभा की जनता किसके सिर पर ताज पहनाती है।0

## राष्ट्रीय क्रांतिकारी मोर्चा से प्रत्याशी महमूद आलम आज करेंगे नामांकन

**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।**

झारखंड नवनिर्माण महासभा जनमत के राष्ट्रीय क्रांतिकारी मोर्चा से मांडू विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी झारखंड आंदोलनकारी महमूद आलम आज नामांकन करेंगे। बता दें कि महमूद आलम विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम नवादा निवासी हैं, उनका राजनीतिक और सामाजिक अनुभव 40 वर्षों का रहा है। विधानसभा चुनाव में पहली बार 2009 में और दूसरी बार 2019 में मांडू से चुनाव उनके द्वारा लड़ा गया था। जिसके कारण वह मांडू विधानसभा क्षेत्र के छह प्रखंडों मांडू, डाडी, चुरचू, दारू टाटीझरिया और विष्णुगढ़ के हालात से वह भली भांति परिचित हैं। चुनाव के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों और समर्थकों से अपने सुझाव साझा कर एवं चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करने के पश्चात महमूद आलम ने बताया कि वह 28 अक्टूबर को राष्ट्रीय जन क्रांति मोर्चा पार्टी से अपना नामांकन करवाएंगे। अगर जनता उन्हें अपना उम्मीदवार चुनती है, तो वह मांडू विधानसभा के विकास के लिए कार्य करेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं जैसे बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास से जुड़ी हैं, यदि इस चुनावी प्रयास में उन्हें जीत मिलती है तो वह प्रमुखता से इन समस्याओं का समाधान करेंगे।



## बरही में विवाहिता की हत्या का आरोप, पिता ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का मामला कराया दर्ज

**श्रम बिंदु बरही।** शनिवार को बरही के ओरपरता गांव में विवाहिता हेमा यादव की ससुराल में मौत हो गई। बरही के केदारुत गांव के रहने वाले जागेश्वर यादव ने अपनी पुत्री हेमा यादव की हत्या करने का आरोप उसके पति समेत ससुराल वालों पर लगाया है। जागेश्वर यादव ने बरही थाना में आवेदन देते हुए पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री हेमा यादव का विवाह वर्ष 2009 में ओरपरता के अमित कुमार यादव के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले दहेज के लिए उसकी पुत्री को प्रताड़ित करते थे। उन्होंने पुत्री के ससुराल वालों के साथ ऐसा नहीं करने के लिए आपसी समझौता भी किया। 27 अक्टूबर की रात पति अमित यादव, देवर महेश यादव, अशोक यादव और अनिल यादव चारों के पिता रामचंद्र यादव, ससुर रामचंद्र यादव, सास चिंता देवी, जेठानी मीना देवी, जेठानी निशु यादव पर उनकी पुत्री हेमा यादव की लोहे के पाइप से मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जागेश्वर यादव ने पुलिस को बताया कि इसके पूर्व भी उन्होंने उसकी पुत्री के साथ मारपीट की थी। वे सभी अपराधी किस्म के लोग हैं। गांव के ही मनी महतो की हत्या में जेल जा चुके हैं। इधर बरही पुलिस घटना की जानकारी मिलने पर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने बताया कि मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया गया, आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू की मां साबी देवी कर रही है तूफानी दौरा

- अपने पुत्र के लिए जनता से मांग रही है आशीर्वाद

**श्रम बिंदु बरही।** बरही प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू की मां साबी देवी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। शनिवार को बरही क्षेत्र के केदारूत पंचायत के कजरा गांव से अभियान शुरू किया। जिसके बाद धोबियाटांड़, गौरियाकरमा, खैरोन, करमा के दर्जीचक टोला में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर साबी देवी ने कही कि हर गांव जा रही हूं, इस बार जनता पूरे बदलाव के मुंड में है। सभी ने एक स्वर में कह रहें कि इस बार कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू को अपना बहुमूल्य वोट देकर विजय बनाएंगे। ग्रामीणों के बीच से यह बात निकल कर आ रहा है कि पिछले 30 वर्षों में सिर्फ दो लोगों का राज रहा है। इन दोनों को छोड़कर किसी अन्य का विकल्प इन क्षेत्रों के लोगों के पास उपलब्ध ही नहीं होता है। लोगों के चाहने के बावजूद यह चेहरे मजबूरी बने हुए थे। इस बार जनता के सामने बेहतर विकल्प मौजूद दिख रहा है।एक ओर राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस ने बरही से युवा अरुण साहू को उम्मीदवार बनाया है, जिसके पिता के बलिदान को बरही ही नहीं पूरा झारखंड बखूबी जानता है। जिस बच्चे के माथे से पिता का साया उठ जाता है, वह अपने उम्र की अपेक्षा कई गुना समाज को समझने का अनुभव रखने लगता है। उसके इसी अनुभव का लाभ यदि जनता उन्हें विजय बनाती है तो आने वाले समय में जनता को लाभ मिलेगा।



## दारू पुलिस ने एनआई एक्ट में वांछित आरोपी के घर चिपकाया इश्तिहार

**श्रम बिंदु संवाददाता दारू ।** दारू पुलिस ने एनआई एक्ट में वांछित आरोपी गणेश राम पासवान के घर पर अब इश्तिहार चिपका दिया है। जो कई दिनों से फरार है और दारू पुलिस कई दिनों से उसकी तलाश कर रही है दारू थाना प्रभारी सफीक खान ने बताया कि इश्तिहार चिपकाने के बाद भी अगर आरोपी गणेश राम पासवान न्यायालय नहीं पहुंचता है तो उसके घर की कुड़की जप्ती की जाएगी। यहां बता दें कि गणेश राम पासवान ग्राम तिलैया पोस्ट ऑफिस महेशरा थाना दारू जिला हजारीबाग का रहने वाला है।



# श्रीदस स्कूल में राज्य स्तरीय गतका चैम्पियनशिप का हुआ आयोजन

## राज्य के 16 जिलों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**श्रम बिंदु बरही।**

श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल बरही में आयोजित चौथे राज्य स्तरीय गतका चैम्पियनशिप में राज्य भर से 16 जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के प्रमुख और निर्णायक मंडली के सदस्य उपस्थित रहे। खिलाड़ियों की संख्या करीब 400 थी। खेल महोत्सव का उद्घाटन श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह, झारखंड गतका एसोसिएशन के सचिव प्रिंस मिश्रा, रोजबड स्कूल हजारीबाग के प्राचार्य अजय सिंह, एसीआई रूपलाल यादव, राधा कृष्ण स्कूल आफ लर्निंग हजारीबाग के निदेशक कौशलेंद्र कुमार, रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल बरही के निदेशक अनूप सिंह, एंथम स्कूल हजारीबाग के निदेशक प्रवीण कुमार ज्ञानोदय स्कूल बगोदर के निदेशक रंजीत कुमार, ओएसीस स्कूल हजारीबाग के निदेशक अरविंद कुमार, डीपीएस बरही के प्राचार्य सुभाषिश पायने, मॉडर्न स्कूल झुमरी तिलैया के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर एवं श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय दशरथ सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। खेल प्रतियोगिता में ऑफिशियल गतका में अंशु राज, अविनाश कुमार, निर्णायक मंडली में तरन्नुम खान, खुशी सिंह, उमेश नायडू, साक्षी कुमारी, मिथिलेश कुमार, हर्ष कुमार, नईम अंसारी, रौनक पांडे, सिकन्दर प्रजापति, अवनी एवं कौशल कुमार शामिल रहे। इस अवसर पर श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल निदेशक ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य राज्य स्तर पर गतका खेल को प्रोत्साहित करना और विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना था। अंत में सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर एवं कप देकर सम्मानित किया गया। खबर लिखे जाने तक खेल प्रतियोगिता जारी रही।



## अवैध बालू लदाह ट्रैक्टर से हो रहा है प्रतिदिन रोड जाम

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड में अवैध बालू खनन बहुत जोरों से हो रही है बताते चलें कि आगामी आने वाला विधानसभा चुनाव में प्रशासन अच्छा तरह से संपन्न होने को लेकर के प्रत्येक रोड में जगह-जगह पर ब्रेकेटिंग लगाकर वाहनों को जांच किया जा रहा है।वही रास्ता से सैकड़ो ट्रैक्टर हाईवे इत्यादि द्वारा दिन प्रतिदिन नदियों से बालू हजारों टन नदी से निकाला जा रहा है उसे पर किसी भी प्रकार का कोई कार्रवाई नहीं हो पा रहा है बालू लददा ट्रैक्टर की गाड़ी चलने से वार्ता प्रदूषण के साथ-साथ मुख्य चौक पर प्रतिदिन जाम होता है जिसके लेकर के राहगीरों को चलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है



## न्यूज़ अपडेट


## डीईओ सह डीसी के निर्देश पर खनन विभाग ने पेटरवार में चलाया छापेमारी अभियान

● 32 टन अवैध कोयला जब्त



**बोकारो ।** डीईओ सह डीसी विजया जाधव के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में विभाग लगातार विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चला रही है। इसी क्रम में टीम ने देर रात पेटरवार थाना अंतर्गत छापेमारी अभियान चलाया। जहां ग्राम बरवाडीह के पश्चिम की ओर स्थित परती जमीन पर अवैध रूप से कोयला खनिज करीब 32 टन का भंडारण पाया। जिसे टीम ने जब्त कर पेटरवार थाना को सुपुर्द कर मामले में प्राथमिकी दर्ज कराया। छापेमारी अभियान में जिला खनन पदाधिकारी के अलावा खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा एवं पुलिस बल शामिल थे।

## फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट मामले में आईपीसी, आईटी एक्ट के तहत दर्ज हुई प्राथमिकी




**श्रमबिंदु/रामगढ़।** डीसी रामगढ़ एवं उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने एवं पैसे की मांग सहित अपनी गलत मंशा की पूर्ति हेतु फर्जी अकाउंट से मैसेज भेजे जाने संबंधित मामले में उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा रामगढ़ थाना में आईपीसी की धारा 419 एवं 420 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000 की धारा 66 सी एवं 66 डी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा सभी से अपील की जाती है कि वे साइबर ठगों एवं साइबर ठग द्वारा दिए गए किसी भी प्रलोभन से सावधान रहें। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त श्री चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों व आवश्यक सूचनाएं आम जनों तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक, ''(३६३३ीश्) एवं इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मैसेज नहीं किया जाता है और सभी लोगों से अपील है कि वे किसी भी फर्जी आईडी से कोई भी मैसेज आने पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया ना दें।

## आज 10 से 12:00 बजे तक राज्य के सभी मध्य विद्यालय एवं उच्चतर विद्यालयों में #MummyPapaVoteDo अभियान का होगा आयोजन

**श्रमबिंदु/रामगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर 28.10.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से 12:00 बजे तक राज्य के सभी मध्य विद्यालय एवं उत्तर विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 6 से 12 के छात्र-छात्राओं के लिए अपने-अपने माता-पिता के नाम मतदान करने हेतु पत्र लेखन कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।पत्र लेखन से पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक/ शिक्षक बच्चों को मतदान की महत्व पर सभी बच्चों को उन्मुखीकरण करेंगे। पत्र लेखन के पश्चात सभी बच्चे अपने पत्र को अपने-अपने घर ले जाकर अपने माता-पिता को सौंपेंगे एवं उनसे मतदान तिथि 22 बड़कागांव,13 नवंबर एवं 23 रामगढ़,20 नवंबर को अवश्य मतदान करने हेतु अनुरोध करेंगे।वही बच्चे आवेदन के साथ #MummyPapaVoteDo सोशल मीडिया पर पोस्ट भी करेंगे।

## नामांकन से पूर्व ललिता देवी नें लिया पंचाडू बाबा का आशीर्वाद



**श्रमबिंदु/रामगढ़।** विधानसभा के प्रत्याशी के रूप में ललिता देवी नें नामांकन से पूर्व मुरी स्थित पंचाडु बाबा का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिए।पूर्व विधायक अर्जुन राम महतो की पुत्रवधू श्रीमती ललिता देवी सोमवार को अपना नामांकन करेंगी।वहीं वो अपने समर्थकों के साथ लुकैया टांड स्थित शहीद सोबरन मांझी के शहीद स्थल पर जाकर उन्हें नमन किया साथ ही अपने जीत के लिए क्षेत्र वासियों से आ''ाहन भी किए।मौके पर जीतराम टुडू,राज किशन त्रिपाठी,सोनू बेदिया,अनिल महतो,हरिहर लाल,अभिषेक,लक्ष्मण प्रसाद,गिरीश साहू,तिलमनी देवी,सुमन देवी, तुनू देवी आदि लोग मौजूद रहे।

## संघ परिवार द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर किया गया बैठक



**कर्माटांड़ (जामताड़ा)।** कर्माटांड़ प्रखंड क्षेत्र के, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संघ परिवार द्वारा एक बैठक किया गया, वही इस बैठक में सा समिति से निर्णय लिया गया कि , वोट का प्रतिशत को बढ़ाएगा, लगभग हंड्रेड प्रतिशत वोट करवाना, लोगों को जाकर समझना की चुनावी भी एक राष्ट्रीय त्योहार है, इस दिन सभी लोग जाकर वोट करें और अगर किसी का काम भी है तो उस दिन वोट करके ही अपने काम के लिए निकले।

# कांग्रेस पार्टी ने अब तक बोकारो विधानसभा से प्रत्याशी की घोषणा नही की है पर नामांकन का दौर जारी है

**बोकारो।**

बोकारो विधानसभा क्षेत्र में अब नामंकन प्रक्रिया में तीन दिन ही शेष रह गए है। इस सीट से कांग्रेस ने अभी तक अपना उम्मीदवार घोषित नही किया है, जिसे लेकर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।इसी असमंजस की स्थिति में कांग्रेस के दो वरीय नेता तो एक कार्यकर्ता ने नामंकन पत्र खरीदकर असमंजस की स्थिति को और बढ़ा दिया है। शुक्रवार को सबसे पहले कांग्रेस की प्रदेश महासचिव स्वेता सिंह ने अपना नामंकन पत्र खरीदा, फिर शनिवार को पार्टी के दूसरे प्रदेश महासचिव जवाहरलाल महथा ने भी अपना नामंकन पत्र खरीद लिया फिर कांग्रेस के साधारण कार्यकर्ता डुमजोर चास निवासी रफीक अंसारी ने भी अपना नामंकन पत्र खरीदकर असमंजस की स्थिति को और बढ़ा दिया है।कांग्रेस पार्टी ने अब तक बोकारो सीट के लिए अपने आधिकारिक उम्मीदवार की घोषणा नही की है, परन्तु एक ही पार्टी से तीन दाबेदारों ने नामंकन पत्र खरीद कर पार्टी को भी असमंजस की स्तिथि में ला खड़ा किया है। स्वेता सिंह बोकारो के पूर्व मंत्री और गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले स्वर्गीय समरेश सिंह की पुत्रवधू है,जिन्हें कांग्रेस ने 2019 के विधानसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाया था, उन्होने पिछले चुनाव में 99 हज़ार वोट लाकर भाजपा को गम्भीर चुनौती पेश की थी। उन्होने कहा है कि उन्हें पार्टी के वरिष्ट नेताओं से संकेत मिला है तो ही अपना नामंकन पत्र खरीदा है उन्हें अब पार्टी के निर्णय का इंतज़ार है।इधर जवाहरलाल महथा ने बताया कि उन्हें भी हरी झंडी मिली तो उन्होंने निर्देशों का पालन किया है। गौरतलब है कि बोकारो विधानसभा सीट के लिए कुल 24 दाबेदारों ने पहले दौर में अपनी दाबेदारी प्रस्तुत की थी, जिसे देख लोगों में यह चर्चा भी हुई थी कि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं से ज्यादा नेता मौजूद है, अब यह स्थिति शायद यह बता रही है कि लोगो की चर्चा बस यूं ही नही थी।बहरहाल अब गेंद पूरी तरह से पार्टी के पाले में है। पार्टी नेतृत्व अगर फैसला लेने में और बिलम्ब करती है तो निश्चय ही यह कांग्रेस पार्टी को नुकसान पहुँचाने वाला होगा।कांग्रेस पार्टी ने अब तक बोकारो विधानसभा से प्रत्याशी की घोषणा नही की है पर कांग्रेस पार्टी से अब तक दो वरीय नेता सहित एक कार्यकर्ता ने नामांकन पत्र खरीद चुका है ,कहा जाय की कांग्रेस पार्टी में नामांकन का दौर जारी है ।

## ओएनजीसी सीबीएम परिसंपत्ति द्वारा फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

### भागदौड़ भरी जीवनशैली में शारीरिक ऊर्जा को बरकराकर रखने हेतु यह प्रतियोगिता आयोजन किया गया : आदित्य जौहरी

**बोकारो ।**






ओएनजीसी सीबीएम परिसंपत्ति,बोकारो द्वारा फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन जेवियर्स ग्राउंड अंतर्गत कार्मिकों एवं पारिवारिक सदस्यों हेतु मानव संसाधन विभाग एवं क्रीड़ा अनुभाग के संयुक्त सहयोग से दिनांक 27 अक्टूबर को आयोजित किया गया था ,

इस आयोजन का शुभारंभ ओएनजीसी के कार्यकारी निदेशक -परिसंपत्ति प्रबंधक आदित्य जौहरी द्वारा फिटनेस शपथ कार्मिकों एवं पारिवारिक सदस्यों को दिलवाया गया।

इस अवसर पर श्री जौहरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ₹ आज के भागदौड़ भरी जीवनशैली में शारीरिक ऊर्जा को बरकराकर रखने हेतु इस तरह का प्रतियोगिता महत्वपूर्ण है।

इस कार्यक्रम में 3 वर्ष के बच्चे,10 वर्ष के बच्चे, 30 वर्ष के नीचे ,45 वर्ष के नीचे एवं 50 वर्ष के ऊपर कार्मिकों हेतु अलग अलग वर्ग में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

परिसंपत्ति प्रबंधक द्वारा विजित प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर कार्मिकों ,बच्चों एवं पारिवारिक सदस्यों को प्रोत्साहित किया गया। ज्ञातव्य हो कि ओएनजीसी ने खेल एवं युवा मंत्रालय के निर्देश के तहत यह आयोजन प्रभारी मानव संसाधन, दयानंद कालुंडिया एवं खेल समन्वयक अनूप मिंज द्वारा संचालित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भूतल प्रबंधक असीम कुमार,उपतल प्रबंधक आलोक दास,परिसंपत्ति आलंबन प्रबंधक बलवीर सिंह,प्रमुख मानव संसाधन दयानंद कालुंडिया,कूप सेवाएं प्रमुख दिलीप कुमार एवं अन्य अधिकारी ,कर्मचारी व पारिवारिक सदस्यों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का संचालन खेल समन्वयक अनूप मिंज द्वारा किया गया ।

## अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से जारी,दो ट्रैक्टर जप्त



**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। रात के अंधेरे में जहां अवैध बालू लदे हाइवा का परिचालन धड़ल्ले से हो रहा है, वहीं दिन के उजाले में अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों का काफिला खुलेआम रेंगता नजर आता है। प्रशासन का खौफ भी बालू कारोबारियों को समाप्त हो गया है। जारगोडीह ,बिरडीह, हाड़ात खोखरो ,दियांडीह आदि नदी घाटों से बेखौफ बालू का उठाव कर ट्रैक्टरों से ईचागढ़ थाना के दरवाजे से राष्ट्रीय उच्च पथ 33 कि ओर एवं ईचागढ़ चौका सड़क पर अंचल कार्यालय के नाक से होकर चांडिल आदि जगहों पर ले जाया जाता है। इस संबंध में सैकड़ों अवैध बालू लदे ट्रैक्टर व हाइबा चलने के बाद भी विभाग को नजर नही आता। हांलाकि जिला खनन पदाधिकारी द्वारा इसके पूर्व दर्जनों हाइबा व ट्रैक्टरों को जप्त कर कारवाई किया गया है।वहीं रविवार शाम को पुलिस गस्ती के दौरान जारगोडीह दीरीडारी सड़क पर दीरीडारी के पास अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को ईचागढ़ पुलिस द्वारा जप्त कर थाना ले जाया गया। वहीं दोनों ट्रैक्टरों के चालक मौके से भागने में सफल रहा। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे के द्वारा गस्ती के क्रम में जारगोडीह कि ओर से बालू ले जाते हुए ट्रैक्टरों को रोका गया। पुलिस के द्वारा ट्रैक्टरों को पुछताछ के लिए रोकते ही दोनों चालक मौके से फरार हो गया । पुलिस मामले को लेकर आवशयक कार्रवाई में जुटी है।

## भाकपा माले प्रत्याशी अरुप चटर्जी को जीताने का लिया संकल्प



**निरसा।** निरसा पार्टी कार्यालय में रविवार को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (बीसीकेयू) एवं कोल माइंस वर्कर्स यूनियन (सीएमडब्लूयू) की संयुक्त बैठक हुई। भाकपा माले प्रत्याशी अरुप चटर्जी को जीताने का संकल्प लिया गया। अध्यक्षता यूनियन के केंद्रीय सचिव आगम राम एवं संचालन कार्तिक चंद्र दत्ता ने किया। यूनियन के केंद्रीय महासचिव भाकपा (माले) प्रत्यासी अरुप चटर्जी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सभी सार्वजनिक उद्योगों का निजीकरण कर रही है। श्रम कानून को समाप्त कर मजदूरों को अधिकारों को समाप्त कर रही है। झारखंड में भी भाजपा ने पांच सालों में केवल सरकार को अस्थिर करने का काम किया है। स्थानीय विधायक का क्षेत्र की जनता और विकास से कोई सरोकार नहीं रहा। मजदूरों की लड़ाई में हम हर समय उनके के साथ रहते हैं। संचालन कार्तिक चन्द दत्ता ने किया। मौके पर अगम राम, उपेन्द सिंह, कार्तिक चन्द्र दत्ता, जगदीश शर्मा, हरेंद्र सिंह, रामजी यादव, श्रीकान्त सिंह, अमित मुखर्जी, जूठन हरिजन, माधव गोराई, काशी कोइरी, उत्तम कर, हरे राम काजल चन्द्रा, वंशी सिंह, साधन चटर्जी, रंजीत मोदी, विनय सिंह, शुभम यादव, बबलू दास, सत्येन्द चौहान, लक्ष्मीनारायण दास, तपस चटर्जी, डी मानिकपुरी, मो अख्तर, तापस चटर्जी, शेखर सिंह आदि थे।

## सोशल मीडिया एवं आईटी सेल भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

**घाटशिला।**




घाटशिला जिला कार्यालय में सोशल मीडिया एवं आईटी सेल का विशेष बैठक संपन्न किया गया इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उड़ीसा प्रदेश के सोशल मीडिया संयोजक सह झारखंड प्रभारी स्वयं बराल, जिलाध्यक्ष चंडी चरण साब, झारखंड प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक राहुल सहदेव, कोल्हान प्रमंडलीय आईटी प्रभारी सत्येंद्र प्रसाद ,कोल्हान प्रमंडली आईटी सह प्रभारी नारायण पोद्दार उपस्थित थे।

सोशल मीडिया एवं आईटी सेल के सभी कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया और आईटी सेल का बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि चुनाव में सोशल मीडिया और आईटी सेल के कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रहेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोशल मीडिया जिला प्रभारी सुजन मन्ना, आईटी सेल जिला संयोज सह संयोजक मंटू सिंह, जिला मंत्री राहुल पांडे, ओबीसी मोर्चा कोल्हान प्रभारी साकेत अग्रवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक दंडपात, भाज्यमो मंडल अध्यक्ष मंटू प्रजापति, बृजेश सिंह, साहिल आनंद,मनी गोपाल साहू, चितरंजन नाथ, पिंटू साब, प्रशांत महतो, सुखेंन दास, शिबू मुडलीयार, स्वागतो चक्रवर्ती, मनकुमार सिंह, पबित्र मान्ना, महेश शाह, मनीष वाल्मीकि, देवांशु उपाध्याय, दीपू अधिकारी, समेत काफी संख्या में घाटशिला विधानसभा एवं बहरागोड़ा विधानसभा के सोशल मीडिया उपस्थित थे।

## बड़कागांव विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**श्रमबिंदु/रामगढ़।**



जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं,कार्यक्रमों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो के द्वारा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान।मतदाता जागरूकता को लेकर 22- विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान सभी 18वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को अपने-अपने क्षेत्र में बनाए गए मतदान केंद्रों में जाकर जरूर से जरूर मतदान करने का अपील किया गया।रामगढ़, अउ-22 बड़कागांव,13 नवंबर एवं अउ - 23 रामगढ़, 20 नवंबर ₹चुनाव का पर्व देश का गर्व₹ के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

## गोमिया में विभिन्न दलों के कई लोग आजसू पार्टी में शामिल



**गोमिया।** गोमिया स्थित विधायक आवास में रविवार को विधायक डा लंबोदर महतो की उपस्थिति में विभिन्न दलों के कई लोग आजसू पार्टी में शामिल हो गए। विधायक डा लंबोदर महतो ने सभी लोगों को आजसू पार्टी का पट्टा देकर स्वागत किया। इस दौरान संतोष कुमार महतो, मनीर कुमार महतो,उमेश कुमार महतो, करन कुमार महतो, बंटी कुमार, मन्नू कुमार महतो, कृष्णा कुमार केवट,राजेश पासवान आदि आजसू पार्टी में शामिल हुए। मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा एवं प्रखंड अध्यक्ष महेश कुमार महतो उपस्थित थे।

# ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा द्वारा सेल के खिलाफ आज हड़ताल

**बोकारो ।**




ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा द्वारा सेल के खिलाफ आज हड़ताल किया जायेगा ,उक्त बात प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा ने कहा आगे इन लोगो ने कहा की कपटपूर्ण बोनस स्कीम को रद्द करने , 40500 से ज्यादा बोनस का भुगतान करने, बिना शर्त 39 माह का एरिया का भुगतान करने, ग्रेच्युटी पर सीलिंग हटाने, जनवरी 2022 से एक अतिरिक्त इंक्रीमेंट सभी मजदूरों को देने, ए डब्लू ए की राशि को ठेका मजदूरों के बेसिक पे में शामिल करने, स्थाई प्राकृतिक के काम करने वाले ठेका मजदूरों को स्थाई करने बी जी एच में मेडिकल जांच के नाम पर ठेका मजदूरों की छटनी पर रोक लगाने, एकतरफाबाद की नीति को बंद करने , दो पक्छी वार्ता नीति को अपने आर आई एन एल के मजदूरों को नया वेतन देने ,मजदूर आंदोलन में भाग लेने के कारण प्रतिशोध पूर्ण कार्रवाई निलंबन, चार सीट और स्थानांतरण के आदेश को वापस लेने आदि मांगों को लेकर इंटक, एटक ,सीटू, एचएमएस और बीएमसी के यूनियनों द्वारा सेल प्रबंधन की मनमानी और तानाशाह रवैया के खिलाफ 28 अक्टूबर को सेलव्यापी हड़ताल का आहवन किया गया है इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा द्वारा बोकारो स्टील प्लांट के मजदूर ठेका मजदूरों के बीच को कोको अवन प्लांट से लेकर सी आर एम तक लगातार शॉप मीटिंग चलाया गया जिसमें हजारों हजार मजदूरों ने भाग लिया प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ मजदूरों में काफी आक्रोश है 26 अक्टूबर को ई डी वर्क्स कार्यालय के समक्ष हजारों मजदूरों ने प्रदर्शन किया था , 25 अक्टूबर को मुख्य श्रम आयुक्त केंद्रीय द्वारा हड़ताल नोटिस पर वार्ता के लिए दिल्ली में बैठक बुलाई गई इसमें प्रबंधन ने उच्च पदाधिकारी के साथ-साथ इंटक एटक सीटू, एचएमएस और बीएमसी के पदाधिकारी ने भाग लिया घंटे देर तक चली वार्ता में पूर्व के भांति सेल प्रबंधन के नकारात्मक रवैया देखने को मिला, 39 माह के एरिया का भुगतान करने के संबंध में प्रबंधन ने इस स्तर तक चली गई इसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते लिखित रूप में मुख्य श्रम आयुक्त को प्रबंधन ने कहा कि 39 माह का एरिया प्राप्त करने के लिए मजदूर हकदार ही नहीं. ऐसा कहकर प्रबंधन अपने द्वारा किए गए मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग का ही उलट रही है इसे मजदूर कभी भी बर्दाशत नहीं कर सकते वार्ता विफल हो गई. इसलिए 28 अक्टूबर को सेलव्यापी हड़ताल को जारी रखने का निर्णय पांचो यूनियन ने लिया है मजदूर काफी आक्रोश है ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा बोकारो के सभी संगठन से अपील की है कि 28 अक्टूबर की हड़ताल को. सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग दें यह हड़ताल मजदूरों के जीवन मरण की लड़ाई है. उक्त बात की जानकारी विभिन्न यूनियनों ने प्रेस वार्ता में दी ,इस अवसर पर वीरेंद्र नाथ चौबे बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन महामंत्री रामाश्रय प्रसाद सिंह बोकारो इस्पात कामगार यूनियन एटक, महामंत्री ,बी डी प्रसाद इस्पात मजदूर मोर्चा सीटू संयुक्त महामंत्री , राजेंद्र सिंह क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ महामंत्री , एचएमएस विनोद कुमार बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ बीएमएस महामंत्री आदि शामिल थे ।

न्यूज़ अपडेट

## 460 ग्राम ब्राउनसुगर के साथ एक गिरफ्तार

● दूसरा फिरार होने में सफल, मोटर साइकिल जप्त।



**किशनगंज।** गलगलिया थाना अंतर्गत एसएसबी के साथ संयुक्त कार्यवाही के दौरान एक युवक जिसका नाम मोहम्मद मुराद ,उम्र 22 वर्ष,पिता नूर मोहम्मद,सकिन चुरली,वार्ड नंबर 8 ,थाना कुर्लीकोट जिला किशनगंज को कुल 460 ग्राम ब्राउनसुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के दौरान एक युवक जिसका नाम अरबाज, उम्र 28 वर्ष पिता नमालुम,सकिन कौआभीठा ,थाना कुरलीकोट ,जिला किशनगंज बाइक से कूद के भाग गया।जिसका मोटरसाइकिल निबंधन संख्यां बीआर37के1970 को जप्त कर लिया गया है।

## जनता दल यूनाइटेड प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक



**किशनगंज।** टेढ़ागाछ प्रखंड अंतर्गत फुटानी चौक पर जनता दल यूनाइटेड प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक में शामिल होकर अपनी बातों को रखते हुए पूर्व विधायक कोचाधामन सह जदयू जिला अध्यक्ष मास्टर मुजाहिद आलम, बैठक में जदयू प्रदेश महासचिव सह बहादुरगंज विधानसभा प्रभारी पवन मिश्रा, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमील अख्तर जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एहतेशाम अंजुम, जदयू जिला उपाध्यक्ष जियाउर रहमान, जदयू जिला महासचिव डाक्टर नजीरुल इस्लाम, जिला सचिव इमाम अहसन जफर अति पिछड़ा प्रखंड अध्यक्ष सुदामा प्रसाद दास सहित सभी पंचायत अध्यक्ष, प्रखंड कमिटी के सदसय, प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शाहिद आलम ने किया।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु नगर आयुक्त ने की रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक



**श्रमबिंदु /धनबाद** । विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने रविवार को न्यू टाउन हॉल में रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक की। नगर आयुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान में कम रुचि दिखाते हैं। जिस कारण मतदान प्रतिशत कम दर्ज होता है।

उन्होंने एसोसिएशन से सोसाइटी के हर मतदाता को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने, उनके एक-एक वोट का महत्व समझाने, मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई सुविधाओं के बारे में बताने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के समापन पर सभी को विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अपने आसपास के लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

# विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को मानवाधिकार सुरक्षा परिषद ने किया सम्मानित

**श्रमबिंदु /धनबाद। झरिया।**



राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् ने माननीय झरिया विधायक सह सचेतक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह को कतरास मोड़ स्थित कार्यालय पर स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया, बता दें कि राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् एक प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था है जो स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विविध सामाजिक सरोकारों में बेहतरीन कार्य करनेवाले समाजसेवियों को सम्मानित कर उनका प्रोत्साहन बढ़ाती है,

परिषद् के धनबाद जिलाअध्यक्ष लखन विश्वकर्मा ने कहा झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह की कार्यशैली से हम सब बहुत प्रभावित हैं, उनका समाज के प्रति लगाव देखकर हम सबको प्रेरणा मिलता है कि वे न दिन देखतीं हैं न रात झ अपने लोगों के लिए हमेशा प्रतिबद्धता से समर्पित रहतीं हैं, हम उनके इस जज्बे को सलाम करते हैं, परिषद् के महासचिव अशोक पाण्डेय ने कहा विधायक जी के द्वारा झरिया में हुए विकास कार्यों ने पूरे झरिया को एक नया भविष्य दिया है जहाँ कभी पूरे झरिया को हटाने की बात कही जाती थी अब यहाँ अस्पताल, कॉलेज, आदि की सुविधा वापस लौटी और झरिया के लोगों का हौसला बढ़ा कि हम सुरक्षित नेतृत्त्व में हैं, यह माननीय विधायक जी के सामाज सेवा के भाव को दर्शाता है और उन्हें सम्मानित कर यह संस्था स्वयं सम्मानित हुई है,

विधायक जी ने परिषद् के प्रति आभार जताते हुए कहा यह झरिया की जनता का सम्मान है और उनके स्नेह, प्यार और भरोसे ने ऐसे कई मौके दिए हैं और भविष्य में और भी मौके देंगे।

विधायक जी ने आगे कहा मैंने झरिया के विकास का जो बीड़ा उठाया है उसे हर हाल में पूरा करके रहूँगी और अब तक जो वायदे हमने किए थे उसे पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ पूरा किया है और आगे के कार्यों के लिए भी प्रतिबद्ध हूँ ,

मौके पर परिषद् के मीडिया प्रभारी उमेश सिंह, झरिया सचिव राकेश गुप्ता, श्याम प्रसाद, मनोरजंन सिंह एवं बबलू कुमार आदि मौजूद थे।

झरिया विधायक सह झरिया से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने झरिया के जीतपुर धौरा, बस्ताकोला पहाड़ी व बस्ताकोला कोलियरी नं. 7 में जनसंपर्क कर दर्जनों स्थानीय महिला और पुरुषों से संवाद किया।

विधायक जी ने संवाद करते हुए सरकार द्वारा चलाये जाने वाले योजनाओं के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने मंईयां सम्मान योजना के संबंध में विधायक जी को जानकारी दी और मंईयां योजना का लाभ प्राप्त होने पर विधायक जी के प्रति आभार व्यक्त किया।

संबोधन करते हुए विधायक जी ने जनता से बच्चों के भविष्य के लिए वोट करने की अपील की और झरिया में हुए विकास कार्यों से अवगत कराया।

माननीय विधायक जी ने कहा झरिया के ऐतिहासिक स्थानों का संरक्षण, स्कूल कॉलेज निर्माण और उसका संचालन के साथ-साथ यहाँ संरचनात्मक ढ़ाँचे का विकास कर विकास के नये कीर्तिमान गढ़े जायेंगे। अगली पीढ़ी अपने झरिया को समस्याओं के लिए नहीं बल्कि सुविधा और व्यवस्थाओं के लिए याद रखेगी।

मौके पर अबरार अहमद, सिन्टू, रामकृष्ण पाठक, रामकृष्ण पाठक, कुंदन पासवान, रोहित पंडित, भोला पासवान, रेखा देवी, सबिता देवी, सचिन देवी, इंदर देवी , लालपरी देवी, तेतरी देवी, यशोदा देवी, सोनी देवी, पूजा देवी, मानो देवी, सोनाली देवी, जितेंद्र पासवान, शत्रुघन पासवान, सुरेश भुइया, राधा भईया सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने बस्ताकोला चांदमारी बस्ती के राजेश भुइया जी की अंत्येष्टि में शामिल हुईं और उनके आकस्मिक निधन पर शोक जताया। विधायक जी शोकाकुल परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और और दुख की इस कठिन घड़ी में उन्हें सांत्वना दी।

विधायक जी ने ईश्वर से शोक-संतप्त परिवार को धैर्य और साहस बनाए रखने की प्रार्थना की व मृतक के परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## कांग्रेसियों ने झरिया विधायक को जिताने हेतु की बैठक

**श्रमबिंदु /धनबाद।**



झरिया, 27 अक्टूबर को झरिया विधानसभा से इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह के जीत को सुनिश्चित करने हेतु एक आवश्यक बैठक झरिया कतरास मोड कार्यालय में रखी गई

बैठक की अध्यक्षता झरिया विधानसभा कांग्रेस प्रभारी प्रीतम रवानी एवं झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव के संयुक्त नेतृत्व में की गई

बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी वार्डों में एवं सभी बूथों के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर घर-घर तक जाकर पूर्णिमा नीरज सिंह के द्वारा किए गए विकास कार्यों की चर्चा झारखंड सरकार द्वारा मैया सम्मान योजना एवं अन्य लाभ जो वर्तमान सरकार से आम जनमानस को मिली इन सभी बिंदुओं पर घर-घर जाकर के पूर्णिमा नीरज सिंह के संदेशों को बताने के लिए रूपरेखा तैयार की गई जो कल 28-10-24 से प्रारंभ की जाएगी

आज की इस बैठक में मुख्य रूप से झरिया विधानसभा कांग्रेस के प्रभारी प्रीतम रवानी झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव अशोक बरनवाल,वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद सिंह चंद्रवंशी जिला सचिव महेश शर्मा अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष राकेश पासवान झरिया विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रवि सिंह,अशोक वर्णवाल, प्रीतम रवानी, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, मणि भूषण तिवारी, कमल शर्मा, कुंदन मोदक, कृष्णा पटेल, भीम निशाद, राकेश मिश्रा, राजीव पांडे, राजू महतो, पवन पांडे, संजिव सिंह, बजरंगी सिंह, प्रीति बर्मा, चांदनी कुमारी, सरजू मलाह सहित सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित थे।

## विधायक राज सिन्हा ने भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, चुनाव पर की चर्चा



**श्रमबिंदु /धनबाद।** धनबाद विधानसभा अंतर्गत धनबाद प्रखंड में आने वाले विभिन्न मंडलों में धनबाद के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने की बूथ के अध्यक्ष, बूथ समिति सदस्य, सभी वरिष्ठ एवं प्रमुख सदस्यों और सम्मानित कार्यकर्ताओं के साथ बैठक। वहीं कार्यकर्ताओं ने राज सिन्हा को टिकट मिलने पर बधाई दी तथा माला पहनाकर स्वागत किया ।मनईटांड़ मंडल, भूली मंडल, सदर मंडल के बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति सदस्य, सभी वरिष्ठ एवं प्रमुख सदस्यों और सम्मानित कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति तैयार करने को कहा। उसके बाद दुर्गा मंडप भूदा में मन की बात कार्यक्रम तथा भूली के द्वारा भूली के सभी दुर्गा पूजा कमिटियों को सम्मानित कार्यक्रम में शामिल किए।

## डीसी -एसपी ने अंतरर्राज्यीय चेकपोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता।**

**पाकुड़।** निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा अन्तरर्राज्यीय चेकपोस्ट राधानगर एवं ईच्छानगर चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाकुड़िया व बंगाल को जोड़ने वाली सीमा का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किये गये इंतजामों का जायजा लिया गया। साथ ही अन्तरार्राजीय सीमाओं पर सघन जांच कराने के अलावा विशेष सतर्कता बरतने का निदेश दिया गया। वहीं जांच कार्य में पारदर्शिता बरतते हुए आपतिजनक सामानों की जब्ती सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही सीमावर्ती ईलाकों में आपसी समन्वय के साथ विशेष छापेमारी चलाने का निर्देश दिया गया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**संवाददाता।**



**पाकुड़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने आज रविवार को संयुक्त रूप से विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित पाकुड़ जिला में होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर पाकुड़िया प्रखंड स्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने पाकुड़िया प्रखंड के बनोग्राम स्थित बूथ संख्या 303 एवं 304, ईच्छानगर स्थित बूथ संख्या 194 केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें उपायुक्त द्वारा मतदाताओं के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। इन सुविधाओं में दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, मतदाताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, आवश्यक बेंच, कुर्सी व टेबल की व्यवस्था, महिला व पुरुष मतदाताओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था आदि शामिल हैं।

# झरिया से भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह का मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा ने किया समर्थन, भारी मतों से जीत दिलाने का लिया संकल्प

## सीता सोरेन का अपमान नहीं बल्कि झारखंड की बहनों और बेटियों का अपमान किया गया:- चुनाव प्रभारी

**श्रमबिंदु /धनबाद। झरिया।**

भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के सम्मान में मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा द्वारा झरिया अग्रवाल धर्मशाला में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा के सदस्यों ने प्रत्याशी रागिनी सिंह को पट्टा ओर गुलदस्ता भेंट कर जीत की अग्रिम बधाई दी। मौके पर झरिया चुनाव प्रभारी नितेश चंद्रवंशी भी उपस्थित थे। मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा के सदस्यों ने प्रत्याशी को समर्थन देते हुए कहा कि इस बार पूर्ण रूप से भाजपा की सरकार ही बनेगी ।चुनाव प्रभारी नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि जामताड़ा से पार्टी की महिला प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया है आदिवासी महिला सीता सोरेन को इरफान अंसारी ने रिजेक्टेड माल बोला है, उनको शर्म करनी चाहिए। इरफान अंसारी ने केवल सीता सोरेन का अपमान नहीं किया बल्कि झारखंड की बहनों और बेटियों का अपमान किया है। हर व्यक्ति हेमंत सरकार से छुटकारा पाना चाहता है। छात्रों, महिलाओं सहित हर व्यक्ति ने हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का फैसला कर लिया है। प्रत्याशी रागिनी सिंह ने कहा कि राज्य में पिछले पांच वर्षों से गठबंधन की सरकार है। यह सरकार केवल लूट खसोट की सरकार बनकर रह गई। हमारा झरिया बहुत-बहुत मायूस दिख रही है। 5 सालों में क्या खोया है झरिया देवतुल्य जनता भली भांति जान रही है। चुनाव आते ही सड़क और नाली बनने लगा। वह भी नाली और सड़क पानी के बहाव में बह गया। भाजपा के कार्यकाल में ही राजा तालाब का फंड पास हुआ था। डीपीआर के तहत राजा तालाब का सौंदर्यकरण होना था। क्या हुआ सिर्फ लीपापोती का करने का काम किया। राज्य की जनता को बरगलाने के लिए मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत की गई और पेंशन, विधवा, वृद्धा पेंशन विकलांग पेंशन योजनाओं को बंद कर दिया गया। कांग्रेस कार्यकाल में व्यापारी वर्ग अपना व्यवसाय सही नहीं कर पा रहे थे। डरे सहमे थे। सिंह मेंशन परिवार हमेशा जनता के बीच रहा है। झरिया की जनता अब जान चुकी है कौन जनता को छलने का काम किया है। भाजपा के पक्ष में मतदान कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कर एक अच्छी सरकार बनाए।




● **झारखंड सरकार में हर घर नल जल योजना धरातल पर नहीं ला पाई, पाईप बिछाकर की सिर्फ लुट खसोटः -रागिनी सिंह**

झरिया। भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह रविवार को झरिया के पुराना बालिका विद्या मंदिर, चार नंबर सब्जी बगान, लिलोरी पथरा, भौरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष मे मतदान करने की ग्रामीणों से अपील की। जनसंपर्क के दौरान सब्जी बगान में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने प्रत्याशी को बिजली पानी जैसे मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। महिलाओं ने बताया कि सब्जी बगान का रास्ता पाइप बिछाने के दौरान सड़क को बर्बाद कर दिया। आमजनों आने जाने में काफी दिक्कत उठाना पड़ रहा है। पाईप बिछा कर सिर्फ छोड़ दिया गया है लोग यही आस लगाए हुए कि पाईप से पानी कब गिरेगा। बैठक में रागिनी सिंह ने कहा कि झारखंड में राज्य मे अराजकता का माहौल है,विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपा की सरकार में सरकार की हर घर नल जल योजना का फंड पास हुआ था। भाजपा की योजना था इसलिए झारखंड सरकार ने धरातल पर नहीं उतारा। पाईप बिछाकर सिर्फ ये लोग सिर्फ जनता का पैसा लूटने का काम किया है। भाजपा की सरकार बनते ही हर घर नल जल योजना पर पहले प्राथमिकता होगी कि हर घरों पानी पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड का निर्माण किया है विकास भी भाजपा ही कर सकती है। वर्तमान मे राज्य के लोग बदलाव के मुड में है।भाजपा के पक्ष वोट देकर इस भ्रष्टाचार सरकार को उखाड़ फेंके।

झरिया, 27 अक्टूबर को , बिहार बिल्डिग के प्रांगण में एन० डी० ए० के घटक दलो की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने किया। उक्त बैठक में भा० ज० पा० के अलावा जनता दल युनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी एवं आजसू के प्रमुख नेताओं के साथ की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि पिछली बार आपसी तालमेल न रहने कि कारण सभी दल अलग-अलग चुनाव लड़े और नतिजा बेहद निराशाजनक रहा इसलिए अब वक्त है कि हम सब इक्टठे होकर मजबूती से लड़े और जिते। आजसू के वरिष्ठ नेता राधेश्याम गोस्वामी ने कहा हमारे सुप्रीमो सुदेश महतो जी के आदेश पर हम सब इस बार इतिहास रचने का कार्य करेगें और डंके की चोट पर सरकार बनाएंगे।

जदयू के नेता पिंटू सिंह ने कहा की जिस तरह हम विहार में एकजुट होकर सुशासन के सपने को सकार कर रहे है उसी तरह झारखण्ड में भी सुशासन की सरकार लाएगें।

लोजपा के मुन्द्रिका पासवान ने कहा की ठऊअ की सरकार जब जब देश में सरकार में आई है गरीब, भुखे असहाय सोशित, पिड़ित सब की आवाज बनने में ठऊअ सफल रही है।

झारिया विधान सभा के संयोजक हरीश जोशी ने कहा की जिस आशा और विश्वास के साथ आज के बैठक रखी गई है निश्चित रूप से उस सपने को हम सब मिलकर साकार करेगें।

झरिया विधान सभा के प्रभारी नितेश चन्द्रवंशी ने कहा कि पिछले दो महिने से झरिया विधान सभा में घुम रहा हूँ और ये महसूस किया है कि राज्य के साथ ही पूरे विधान सभा में भाजपा की हवा नही आंधी चल रही है और हम सब रिकार्ड मत से डारया का चुनाव जीत कर इतिहास रचेगें।

बैठक में मुख्य रूप से नागेन्द्र पासवान, सुरेश पासवान, संजय पासवान, शैलेन्द्र दुबे, रंजीत पासवान, बिहारी लाल चौहान, पुष्पा मेहता, ध्रुव हरि, विरेन्द्र निषाद, विष्णु त्रिपाठी, पिंटू सिंह, विजय सिंह कुशवाहा, अनिल सिंह, दिलीप कुमार, अजय निषाद, शैलेश सिंह चन्द्रवंशी, उमेश यादव रामन्नदंन पासवान, रंजय कुमार सिंह,, शैलेन्द्र द्विवेदी, मधुसुदन सिंह, मनीष कुमार पासवान, दशरथ कुमार, संजय पासवान, राजन कुमार चंचल, जितेन्द्र शर्मा, मलख पासवान, प्रकाश पासवान, नागेश्वर पासवान, अरविन्द कुमार सिंह, शंकर पांडे मौजूद रहे जहा मंच का संचालन महावीर पासवान और धन्यवाद ज्ञापन गंगा राम ने किया।

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com